गुरुवार, 22 मई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 34 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदयः 4:54 | सूर्यास्तः 18:12 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : हर मुश्किल में आशा बनाये रखें, क्योंकि हर सुबह के बाद एक नया अवसर आता है।



मुंबई प्लेऑफ में पहुंची, दिल्ली को 59 रन से हराया पृष्ठ 8

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# 'बीएसएफ तैनात, लेकिन राज्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी सतर्क रहने की जरूरत'



**सिलीगुड़ी :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राज्य के उत्तरी हिस्से में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को रणनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में सीमा पार से होने वाले खतरों के प्रति सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से भारी बारिश के कारण संभावित बाढ़ के मद्देनजर भी सतर्क रहने को कहा। इस दिन, एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि नेपाल, भूटान और बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करने वाला यह क्षेत्र 'अत्यधिक संवेदनशील' है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को खासकर राष्ट्र विरोधी तत्वों की किसी भी तरह की घुसपैठ की कोशिश को रोकने के लिए गश्त तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भले ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) तैनात है, लेकिन राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को भी सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को गलत सूचना और फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ भी आगाह किया और कहा कि किसी भी संकट के दौरान अद्यतन जानकारी केवल सरकार के माध्यम से ही प्रसारित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं पर भी चिंता जताई और अधिकारियों से उचित जांच सुनिश्चित करने को कहा। ममता ने यह भी कहा कि पड़ोसी सिक्किम और भूटान में भारी बारिश के कारण अक्सर राज्य के उत्तरी जिलों में बाढ़ आ जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने के वास्ते संयुक्त जल प्रबंधन तंत्र के लिए केंद्र से भूटान के साथ समन्वय करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले 'चिकन नेक' गलियारे के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने उत्तर बंगाल में विकास गतिविधियों और लंबित परियोजनाओं में तेजी लाने के बारे में भी बात की।

### गुजरात और उत्तर प्रदेश से आ रही हैं नकली दवाइयां, ममता ने जताई गंभीर चिंता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में बड़ी मात्रा में नकली दवाइयों की मौजूदगी पर गहरी चिंता जताई है। इस दिन, प्रशासनिक बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि गुजरात और उत्तर प्रदेश से नकली दवाइयां राज्य में प्रवेश कर चुकी हैं, जो आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती हैं। ममता बनर्जी ने सभी जिलों के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओएच) और ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारियों (बीएमओएच) को अस्पतालों के स्टोर की तत्काल जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर औचक निरीक्षण किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी सरकारी अस्पताल में नकली दवाओं का उपयोग न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी आदेश दिया कि नकली पाई गई दवाइयों की सूची को सार्वजनिक किया जाए। इसके लिए दवा दुकानों के बाहर इन दवाओं और संबंधित कंपनियों के नाम की सूची चिपकाई जाए ताकि आम लोग सतर्क हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमने तीन-चार दिन पहले ही एक सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से चेतावनी जारी की थी। अब ज़िला और ब्लॉक प्रशासन को इसकी सख्ती से निगरानी करनी होगी।

## हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति 2023 से पाकिस्तानी कर्मचारी के संपर्क में थी : पुलिस

**चंडीगढ़ :** पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया कि यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा 2023 से एक पाकिस्तानी अधिकारी के संपर्क में थी। इस संबंध में एक सूत्र ने बताया कि जासूसी के संदेह में गिरफ्तार की गई मल्होत्रा नवंबर 2023 से पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में थी। दानिश को जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण 13 मई को भारत द्वारा निष्कासित कर दिया गया था। सूत्र ने बताया कि पुलिस ने मल्होत्रा के तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, खुफिया ब्यूरो और सैन्य खुफिया अधिकारियों ने ज्योति से पूछताछ की है।

# किसी को भी 'वक्फ बाई यूजर' के तहत भी सरकारी जमीन पर दावे का अधिकार नहीं : केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अधिकार का दावा नहीं कर सकता है और सरकार को 'वक्फ बाई यूजर' सिद्धांत का उपयोग करके वक्फ घोषित की गई संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने का कानूनन अधिकार है। 'वक्फ बाई यूजर' से आशय ऐसी संपत्ति से है जहां किसी संपत्ति को औपचारिक दस्तावेज के बिना भी धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए उसके दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में मान्यता दी जाती है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली दलीलों का जवाब देते हुए, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से अपनी दलीलें पेश करना शुरू किया। मेहता ने कहा, ''किसी को भी सरकारी जमीन पर दावे का अधिकार नहीं है। उच्चतम न्यायालय का एक फैसला है, जिसमें कहा गया है कि अगर संपत्ति सरकार की है और उसे वक्फ घोषित किया गया है, तो सरकार उसे बचा सकती है।'' शुरुआत में, शीर्ष विधि अधिकारी मेहता ने कहा कि किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का रुख नहीं किया है और ''किसी ने इस तरह का मामला नहीं रखा है कि संसद के पास इस कानून को पारित करने की क्षमता नहीं है।'' उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट और इस तथ्य का हवाला दिया कि अधिनियम के अस्तित्व में आने से पहले कई राज्य सरकारों और राज्य वक्फ बोर्डों से परामर्श किया गया था। पीठ ने याचिकाकर्ताओं की इन दलीलों पर केंद्र से जवाब मांगा कि जिलाधिकारी के पद से ऊपर का कोई अधिकारी वक्फ संपत्तियों पर इस आधार पर दावा तय कर सकता है कि वे सरकारी हैं। विधि अधिकारी ने कहा, ''यह न केवल भ्रामक है बल्कि एक गलत तर्क है।'' मामले की सुनवाई जारी है। केंद्र ने अपने लिखित नोट में अधिनियम का दृढ़ता से बचाव करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक 'धर्मनिरपेक्ष अवधारणा' है और इस कानून पर रोक नहीं लगाई जा सकती क्योंकि इसके पक्ष में 'संवैधानिकता की धारणा' है। उसने उन मुद्दों पर ध्यान दिया जो अदालत ने पहले उठाए थे और कहा कि कानून केवल धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए वक्फ प्रशासन के धर्मनिरपेक्ष पहलुओं को विनियमित करने का प्रयास करता है।

# छत्तीसगढ़ : अबूझमाड़ में 27 माओवादी ढेर, मुख्यमंत्री ने की सुरक्षाबलों की सराहना

### प्रधानमंत्री मोदी बोले- हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राज्य के अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 27 माओवादियों को मार गिराने वाले सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए कहा कि नक्सल-वाद के खिलाफ जंग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गयी है। उन्होंने इस बड़ी सफलता पर सुरक्षाबल के जवानों की सराहना की है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में कम से कम 27 नक्सली मारे गए। मारे गए माओवादियों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू उर्फ बीआर दादा (70) भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में राज्य पुलिस की इकाई जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान भी शहीद हुआ है तथा कुछ अन्य घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री साय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा है, ''जारी है विजय का शंखनाद, खत्म हो रहा नक्सलवाद। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एवं माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।''

### 27 नक्सलियों में शीर्ष माओवादी नेता बसवराजू भी शामिल: अमित शाह

नयी दिल्ली :केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि नक्सल आंदोलन के शीर्ष नेता और रीढ़, भाकपा-माओवादी का महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू बुधवार को छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए 27 खूंखार नक्सलियों में शामिल था। शाह ने यह भी कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि महासचिव स्तर के किसी नेता को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है।

# इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

## दिल्ली से श्रीनगर जा रहा था, अगला हिस्सा टूटा

### डीजीसीए ने दिए जांच के आदेश

**श्रीनगर :** दिल्ली से बुधवार को 220 से अधिक लोगों को लेकर श्रीनगर जा रही इंडिगो की उड़ान खराब मौसम की वजह से प्रतिकूल परिस्थितियों में फंस गई, जिसके बाद पायलट ने यहां विमान यातायात नियंत्रण 'आपात स्थिति' की सूचना दी और फिर उसे सुरक्षित रूप से यहां उतारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर प्रतिकूल स्थिति के क्षणों के वीडियो सामने आए हैं, जिनमें घबराए हुए यात्रियों को विमान के हिलने के दौरान प्रार्थना करते हुए देखा जा सकता है। एक यात्री ने दावा किया कि विमान का 'नोज (अगला हिस्सा)' क्षतिग्रस्त हो गया। भारतीय विमानपत्तनम प्राधिकरण के एक अधिकारी ने यहां कहा, '' दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई2142 को खराब मौसम (ओलावृष्टि) का सामना करना पड़ा। तब पायलट ने एटीसी एसएक्सआर (श्रीनगर) को आपात स्थिति की सूचना दी।'' उन्होंने कहा कि उड़ान शाम साढ़े छह बजे सुरक्षित ढंग से श्रीनगर उतरा। उन्होंने कहा, '' चालक दल के सभी सदस्य और 227 यात्री सुरक्षित हैं। एअरलाइन ने उड़ान को एओजी घोषित कर दिया है।'' एअरक्राफ्ट ऑन ग्राउंड (एओजी) का तात्पर्य है कि तकनीकी कारणों से विमान को हवाई अड्डे पर रोक दिया गया है और वह फिलहाल उड़ नहीं सकता। ओवैस मकबूल हकीम ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' मैं विमान में था ......यह एक मौत जैसा अनुभव था...विमान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था।'' हकीम ने अपने अन्य पोस्ट में दावा किया, ''विमान का अगला और दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया...और हमें ज्यादा कुछ देखने की अनुमति नहीं थी क्योंकि वहां वायुसेना पुलिस मौजूद थी।'' दिल्ली से प्राप्त समाचार के अनुसार एअरलाइन ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली से श्रीनगर जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई2142 को रास्ते में अचानक ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा। उड़ान और चालक दल ने स्थापित प्रोटोकॉल का पालन किया और विमान को श्रीनगर में सुरक्षित रूप से उतारा गया।''



# भारत ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को निष्कासित किया, एक हफ्ते में दूसरी ऐसी घटना

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को यहां पाकिस्तान उच्चायोग के एक अधिकारी को जासूसी के आरोप में निष्कासित कर दिया, एक हफ्ते में यह दूसरा ऐसा निष्कासन है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यहां पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मी को उसके आधिकारिक दायित्व से इतर गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण 'अवांछित व्यक्ति' घोषित किया गया है और उसे 24 घंटे में भारत छोड़ने को कहा गया है। उसने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी साद वारिच को इस मुद्दे पर आपत्तिपत्र या औपचारिक विरोध पत्र जारी किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि उच्चायोग के प्रभारी से 'सख्ती से' यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि भारत में कोई भी पाकिस्तानी राजनयिक या अधिकारी किसी भी तरह से अपने विशेषाधिकारों का दुरुपयोग न करे। भारत ने 13 मई को भी एक पाकिस्तानी अधिकारी को जासूसी में कथित रूप से लिप्त रहने को लेकर निष्कासित कर दिया था। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में तैनात एक भारतीय कर्मचारी को भी निष्कासित कर दिया था। भारत द्वारा पाकिस्तानी उच्चायोग के दो कर्मचारियों को निष्कासित करने की कार्रवाई ऐसे समय की गई है, जब पंजाब और हरियाणा में पुलिस पाकिस्तान से जुड़ी जासूसी गतिविधियों की जांच कर रही है।

### न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की याचिका पर सुनवाई से न्यायालय का इनकार



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से नकदी बरामद होने के मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 मई को शीर्ष अदालत द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अंकित है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और न्यायाधीश के जवाब को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया है। पीठ ने कहा, ''आदेश की मांग करने से पहले याचिकाकर्ता को उचित प्राधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखकर अपनी शिकायत का निवारण करना होगा। इसलिए हम इस रिट याचिका पर विचार करने से इनकार करते हैं। इस स्तर पर अन्य याचिकाओं पर गौर करना आवश्यक नहीं है।'' आंतरिक जांच समिति द्वारा वर्मा को दोषी ठहराए जाने के बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने का संकेत दिया था। जब न्यायमूर्ति वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया तो खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा। विवाद के बीच वर्मा का स्थानांतरण दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर दिया गया।




## अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, डॉ. संतोष कुमार, बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



Dr. Santosh Kumar
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है।

हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




**ADVANTAGES**

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

**Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089

More information call us 9831911584/9831266632

Visit our website www.mykneemylife.org

## प्रोफेसर की गिरफ्तारी अकादमिक आजादी पर आंच

किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि वहां सभी तरह की वैचारिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाए। बशर्ते अभिव्यक्ति समाज में विभाजन की कारक और राष्ट्र के हितों के विरुद्ध न हो। हरियाणा में अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की सोशल मीडिया पोस्ट पर उठे विवाद के बाद की गई गिरफ्तारी ने कई सवालों को जन्म दिया है। दरअसल, प्रोफेसर अली खान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के कुछ पहलुओं को लेकर सवाल उठाए थे। यह घटनाक्रम हमें याद दिलाता है कि देश में असहमति के विचारों को कैसे देश के विरुद्ध दर्शाया जा रहा है। हरियाणा पुलिस ने अपनी कार्रवाई के पक्ष में दलील दी है कि प्रोफेसर की टिप्पणी भारत की एकता को खतरे में डालने वाली है। निस्संदेह, यह घटना विचार और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को संदिग्ध रूप में दर्शाने का उपक्रम नजर आता है। यह स्पष्ट है कि प्रोफेसर महमूदाबाद की आवाज कोई सतही टिप्पणी नहीं है। वे एक सम्मानित अकादमिक और सार्वजनिक विमर्श में सक्रिय रहने वाले बुद्धिजीवी हैं। जिन्हें भारत के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने के साथ विचारशील जुड़ाव के लिये जाना जाता है। उनकी टिप्पणी भले ही कितनी भी आलोचनात्मक क्यों न हो, उसे राष्ट्रीय एकता के लिये खतरे के रूप में चित्रित करना एक अतिशयोक्ति ही कही जाएगी। निश्चित रूप से इस मामले में पुलिस की कार्रवाई एक ऐसी अस्वीकार्य मिसाल है, जो कालांतर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण ही करती है। प्राचीन काल से ही हमारे विश्वविद्यालय रचनात्मक बहस के लिये उपयुक्त स्थान के रूप में जाने जाते रहे हैं। जहां राज्य की निगरानी के जरिये हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं होती थी। सवाल इस घटनाक्रम के समय व संदर्भ को लेकर भी उठाए जा रहे हैं। निश्चित रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर', एक ऐसा सैन्य अभियान था, जिसे व्यापक सार्वजनिक जनसमर्थन और मीडिया कवरेज मिली। सही मायने में एक परिपक्व लोकतंत्र में किसी भी आलोचना को सहज भाव से लिया जाना चाहिए।

निस्संदेह, स्वतंत्र वैचारिक अभिव्यक्ति पर सवाल खड़े करना और उसे दंडात्मक कार्रवाई के जरिये दबाने का प्रयास अस्वीकार्य ही है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अकादमिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी किसी सत्ताधारी व्यवस्था की मर्जी से दिए गए विशेषाधिकार नहीं है, ये संवैधानिक गारंटी हैं। यह सुखद ही है कि देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रोफेसर महमूदाबाद की याचिका पर सुनवाई करने के लिये सहमति दे दी है। जो इस मामले में एक उम्मीद की किरण कही जा सकती है। लेकिन सार्वजनिक जीवन में अपमान के बाद राहत के लिये कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जूझना व्यक्ति के लिये कष्टदायक ही है। यह सही समय है कि हमारी संस्थाएं देशभक्ति को अंध आज्ञाकारिता के रूप में परिभाषित न करें। सही मायनों में सच्ची देशभक्ति सवाल करने, विचार करने और यहां तक कि असहमति जताने की क्षमता में निहित है। जिसको लेकर सलाखों के पीछे डालने का भय नहीं होना चाहिए। सही मायनों में एक ट्वीट पर एक प्रोफेसर की गिरफ्तारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा नहीं करती बल्कि यह केवल राष्ट्रीय असुरक्षा को ही उजागर करती है। यही वजह है कि देश की कई चर्चित हस्तियों व राजनेताओं ने प्रोफेसर अली के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने उन आक्षेपों को खारिज किया है जिनमें उनकी पोस्ट को महिला विरोधी और धार्मिक द्वेष फैलाने वाला बताया गया। उन्होंने सवाल उठाये हैं कि उनकी टिप्पणी कैसे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिये चुनौती है। वे मानते हैं कि पहले मध्य प्रदेश के उस मंत्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए थी, जिसने वास्तव में कर्नल सोफिया के विरुद्ध नकारात्मक टिप्पणी की थी। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न होना कई सवालों को जन्म देता है। लेखक व कुछ प्रोफेसर हरियाणा पुलिस की तत्काल कार्रवाई पर भी सवाल उठा रहे हैं। कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि असली लोकतंत्र वही होता है जहां स्वतंत्र अभिव्यक्ति के रास्ते बंद नहीं होते। बुद्धिजीवी, शिक्षा व लेखक बिरादरी के लोग अशोका यूनिवर्सिटी से आग्रह कर रहे हैं कि वह अपने प्रोफेसर को संबल दे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 22 मई, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष दशमी, 25:10 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 17:34 तक, योग : विष्कंभ, 21:45 तक, सूर्योदय: 4:54, सूर्यास्त: 18:12, चन्द्रोदय : 01:03, चन्द्रास्त: 13:12, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 13:12 से 14:51

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए दिन करियर के लिहाज से बेहद अनुकूल रहेगा। जो लोग प्रमोशन या पदोन्नति की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें सफलता मिलने की संभावना है।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह समय आर्थिक रूप से लाभदायक है। आपके पास पैसा आने के नए स्रोत बनेंगे और काम से जुड़ा कोई पुराना अटका हुआ पेमेंट वापस मिल सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लिए दिन करियर में तरक्की और नई साझेदारियों का संकेत देता है। कोई नया व्यापारिक प्रस्ताव स्वीकार कर सकते हैं, जिससे लंबी अवधि में बड़ा मुनाफा हो सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। अपने जरूरी कामों को लेकर सूची बनाकर चलना बेहतर रहेगा। जमीन-जायदाद की खरीदारी की योजना बना सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए साझेदारी में कोई काम करना अच्छा रहेगा। निजी जीवन में खुशहाली आएगी। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए दिन आर्थिक दृष्टि से संतुलन लाने वाला है। आपके जिम्मेदारियों में वृद्धि होगी, जिससे प्रमोशन का मार्ग खुलेगा। भावुक निर्णय नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए दिन आर्थिक सफलता और प्रफेशनल ग्रोथ से भरा रहेगा। कोई अधूरा प्रॉजेक्ट पूरा होने से अच्छी आमदनी हो सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लिए दिन तरक्की और स्थायित्व का है। नौकरीपेशा लोगों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिलेंगी जो आगे चलकर आर्थिक रूप से लाभदायक सिद्ध होंगी।

**धनु :** धनु राशि के लिए दिन करियर में उन्नति और लाभ का है। आप किसी नए क्लाइंट या कंपनी के साथ डील साइन कर सकते हैं जो आपकी इनकम को बढ़ा देगा।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए दिन नई डील और मुनाफे से जुड़ा हो सकता है। आपको कोई सरप्राइज बोनस या इंसेंटिव मिल सकता है। जोखिम भरे निवेश से आज दूर रहें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लिए यह दिन धन और व्यवसाय में वृद्धि का है। नया बिजनस शुरू करने वालों को किसी अनुभवी व्यक्ति से आर्थिक सहायता मिल सकती है।

**मीन :** मीन राशि के लिए दिन करियर में नई शुरुआत और धन लाभ का संकेत दे रहा है। अगर आपने हाल ही में नई जॉब या बिजनस शुरू किया है, तो उसका सकारात्मक फल मिलेगा।

# दिव्यांग शिक्षण संस्थानों में संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करें : आदित्यनाथ



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की जरूरत पर जोर दिया है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को और भी ज्यादा संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहराई से जांच-पड़ताल के बाद ही उनकी अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटर्स, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। उनमें पढ़ रहे बच्चों से बातचीत कर उनकी जरूरतों, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को जल्द ही भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वरीयता दी जानी चाहिए।

### बिजनौर में सड़क दुर्घटना में तीन वर्षीय बच्ची समेत तीन लोगों की मौत

**बिजनौर (उप्र) :** बिजनौर जिले में हरिद्वार रोड पर बुधवार तड़के सड़क हादसे में तीन वर्षीय बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मंडावर थाना प्रभारी राजकुमार सरोज के अनुसार हादसा रात करीब एक बजे हमीदपुर गांव के पास हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठी तीन वर्षीय बच्ची मिष्टी की मौके पर ही मौत हो गई और कार सवार दो लोग अंकित नरवाल (35) और सौरभ राजपूत (33) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में अमरोहा जिले का एक परिवार सवार था जो अपने बच्चे के मुंडन के लिए हरिद्वार जा रहा था तभी यह हादसा हुआ।

### उप्र : मुजफ्फरनगर में ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

**मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के चरथावल कस्बे के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि पीड़ितों की पहचान सायरा बानो (50) और उसकी बेटी चांदनी (28) के रूप में हुई है। दोनों मां-बेटी मुजफ्फरनगर से निरधना गांव लौट रही थीं, तभी चरथावल थाना क्षेत्र के रोहाना बस स्टैंड के पास यह दुर्घटना हुई। मोटरसाइकिल चला रहा जावेद इस दुर्घटना में घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने चालक की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### झारखंड : हजारीबाग में स्कूल बस तालाब में गिरी, 22 बच्चे घायल

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले में बुधवार दोपहर एक स्कूल बस के तालाब में गिर जाने से 22 बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना इचाक थाना क्षेत्र के खुटरा गांव में उस समय हुई जब बच्चे स्कूल से घर लौट रहे थे। इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्प-ताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा, ''आठ बच्चों की हालत गंभीर है।''

## झारखंड में 'अवैध कृत्यों को छिपाने' के लिए सेवानिवृत्ति के बाद भी पद पर आसीन हैं डीजीपी: भाजपा

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि उनका पद पर बने रहना असंवैधानिक है और वह राज्य में अवैध कृत्यों को छिपाने के लिए पद पर कायम हैं। वर्ष 1990 बैच के अधिकारी गुप्ता को 30 अप्रैल, 2025 को सेवानिवृत्त होना था, लेकिन वह पद पर बने हुए हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने यहां संवाददाताओं से कहा, 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद भी डीजीपी को उनके पद पर बनाए रखना अवैध और असंवैधानिक है। यह एक साजिश का हिस्सा है। संवैधानिक रूप से, झारखंड में पिछले 21 दिन से कोई डीजीपी नहीं है। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष मरांडी 30 अप्रैल के बाद भी डीजीपी के पद पर बने रहने को लेकर गुप्ता और राज्य सरकार पर हमलावर हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, बेशर्मी की भी हद होती है, लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने वह हद पार कर दी है। झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां डीजीपी का पद खाली है और जो व्यक्ति 'डीजीपी' के पद पर काम कर रहा है, वह बिना वेतन के सेवाएं दे रहा है! उन्होंने कहा, वाह मुख्यमंत्री जी, यह नए भारत का निर्माण है - बिना वेतन, बिना संवैधानिक वैधता, केवल भ्रष्टाचार के आधार पर प्रशासन!

### प्र : बलिया में व्यापार मंडल के नेता को बदमाशों ने मारी गोली

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में कासिम बाजार मोहल्ले में बुधवार की सुबह व्यापार मंडल के प्रमुख नेता अरुण कुमार गुप्ता को दो अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक व्यापारी नेता को वाराणसी में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार कासिम बाजार मोहल्ले में बुधवार की सुबह अरुण कुमार गुप्ता (64) टहल रहे थे कि तभी इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाश आए और उन्हें गोली मारकर फरार हो गए। गुप्ता दवाओं के प्रमुख व्यवसायी और व्यापार मंडल के प्रमुख नेता हैं।

## राजस्थान: पुलिस ने 25 फर्जी शादियां करने वाली 'ठग दुल्हन' को गिरफ्तार किया



**जयपुर :** राजस्थान पुलिस ने 23 साल की एक युवती को गिरफ्तार किया है जिस पर कम से कम 25 'फर्जी शादियां' करने का आरोप है। युवती पर आरोप है कि वह शादी के बाद नकदी व कीमती सामान लेकर चंपत हो जाती है। सवाई माधोपुर पुलिस की एक टीम ने मध्य प्रदेश में भोपाल जिले के शिव नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली अनुराधा को 18 मई को गिरफ्तार किया। मानटाउन के थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया, आरोपी महिला ने फर्जी शादियां रचाकर कई लोगों को ठगा है। वह नकदी और मोबाइल फोन समेत कीमती सामान लेकर फरार हो जाती है। उन्होंने बताया कि जिस मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है वह विष्णु गुप्ता ने तीन मई को दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि सुनीता और पप्पू मीणा नामक दो लोगों ने उसकी शादी करवाने का झांसा देकर उसे गुमराह किया। शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत के अनुसार, उन्होंने अनुराधा की तस्वीर दिखाई,एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए राजी किया और उसके बाद पिछले महीने हुई शादी के लिए मुझसे दो लाख रुपये ले लिए। शादी के एक हफ्ते बाद अनुराधा नकदी, गहने और मोबाइल फोन लेकर गायब हो गई। जांच में पता चला कि अनुराधा इसी तरह कई 'फर्जी शादी' कर चुकी हैं। हर ऐसी शादी के कुछ दिन बाद वह गायब हो जाती है। अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि अनुराधा कम से कम 25 ऐसी धोखाधड़ी वाली शादियों में शामिल रही है। जांच दल ने पाया कि अनुराधा भोपाल में कई ऐसे लोगों के संपर्क में थी जो शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक बड़े गिरोह का हिस्सा हैं।

## राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में बनेगा भरत पथ

**अयोध्या :** अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ के बाद अब अयोध्या में भरत पथ का निर्माण प्रस्तावित है। यह नया मार्ग भगवान राम के छोटे भाई और तपस्वी भरत की तपोस्थली भरतकुंड को तीर्थ स्थल से जोड़ेगा, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में और अधिक सुविधा मिलेगी। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 900 करोड़ रुपये है और इसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग ने मुख्यालय को भेज दिया है। यह मार्ग न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ाएगा, बल्कि अयोध्या को विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और सशक्त करेगा। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित करने का कार्य तेजी से चल रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। देश-विदेश से लाखों लोग रोजाना रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती हुई भीड़ को सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कई मार्गों का निर्माण और चौड़ीकरण कर रही है। राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ, और अब भरत पथ के अलावा पंचकोसी और चौदहकोसी परिक्रमा मार्गों के भी चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है।

## बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा: कांग्रेस

**पटना :** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रमुख अलका लांबा ने बुधवार को घोषणा की कि अगर इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद बिहार में महागठबंधन सत्ता में आता है तो राज्य की महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। लांबा ने यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह वादा किया और 'माई बहन मान' योजना का समर्थन किया जिसकी परिकल्पना उनके गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव ने कुछ महीने पहले की थी। उन्होंने कहा, ''केंद्र और राज्य की राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकारें लोगों, खासकर महिलाओं के कल्याण के बारे में परवाह नहीं करती हैं। लेकिन कांग्रेस और महागठबंधन के घटक उनके बारे में चिंतित हैं। अगर बिहार में आगामी चुनाव में महागठबंधन सत्ता में आता है, तो राज्य सरकार वंचित वर्गों की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह प्रदान करेगी।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''हम सरकार बनने के तुरंत बाद इस योजना को लागू करेंगे, जैसा कि हमने तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में किया था।'' लांबा ने कहा कि पार्टी नेता इस योजना के लिए राज्य भर में फॉर्म वितरित करेंगे और गठबंधन सहयोगियों के कार्यकर्ताओं द्वारा पात्र महिलाओं के लिए फॉर्म भरे जाएंगे। पार्टी ने एक मोबाइल नंबर भी जारी किया है जिस पर पात्र महिलाएं पंजीकरण के लिए 'मिस्ड कॉल' दे सकती हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''बिहार सरकार गरीब महिलाओं को केवल 400 रुपये की आर्थिक सहायता दे रही है, जो बहुत ही कम राशि है। वह भी नियमित रूप से नहीं दी जा रही है। बिहार के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की स्थिति बहुत दयनीय है...महिलाओं के खिलाफ अपराध काफी बढ़ गए हैं लेकिन राज्य सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।''

## राजस्थान में प्रत्येक वर्ग का विकास हमारा संकल्प : भजनलाल शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि महिला, गरीब, युवा और किसान सहित हर वर्ग के उत्थान से ही देश का उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकार सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि देश का हर वर्ग, हर जाति और हर समाज उन्नति कर रहा है। शर्मा ने बुधवार को बिड़ला सभागार में अखिल भारतीय रैगर महासभा के प्रतिनिधि सम्मेलन और अभिनंदन समारोह को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने रैगर समाज की प्रतिभाओं संत जीवाराम, संत आत्माराम और बाबा साहेब आंबेडकर को नमन भी किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि आजादी के पहले से ही रैगर समाज का राष्ट्रहित में अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा, '' हमारी सरकार ने भी आवश्यक निर्णय लेकर सभी समाजों के विकास कार्यों को गति दी है।'' इस दौरान उन्होंने देश में संस्कृति, विरासत और सामाजिक समानता में अहम भूमिका निभाने वाले 'संत आत्माराम लक्ष्य' का पैनोरमा बनाने के लिए घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे संत आत्माराम लक्ष्य के विचारों को आत्मसात कर युवा राष्ट्र विकास के मार्ग पर चल सकेंगे।

## उप्र : सरकारी चिकित्सक पर अश्लील वीडियो बनाने और उन्हें ऑनलाइन बेचने का आरोप

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में एक सरकारी चिकित्सक पर महिला की पोशाक पहनकर अश्लील वीडियो बनाने, उन्हें वयस्क वेबसाइटों पर अपलोड करने और नकली ट्रांसजेंडर पहचान के तहत काम करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह शिकायत चिकित्सक की पत्नी ने दर्ज कराई है, जिन्होंने दावा किया है कि उन्हें ऑनलाइन ऐसे कई वीडियो मिले हैं। संतकबीर नगर के खलीलाबाद कोतवाली पुलिस थाने में 18 मई को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, खलीलाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तैनात डॉ. वरुणेश दुबे ने कथित तौर पर वीडियो शूट करने के लिए अपने सरकारी आवास का इस्तेमाल एक अस्थायी स्टूडियो के रूप में किया। इसके बाद से अधिकारियों ने परिसर को सील कर दिया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसने अपने पति का चेहरा, आवाज और उनके घर के अंदरूनी हिस्से को वयस्क वेबसाइटों पर सामने आए वीडियो में पहचाना। हालांकि, डॉ. दुबे ने इन आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि वीडियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल कर छेड़छाड़ की गई है।

## उप्र : आठ साल में 62 फीसदी बढ़ी ट्रैक्टरों की संख्या



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ के राज्य की कमान संभालने के बाद करीब आठ वर्षों में ट्रैक्टरों की संख्या में 62 फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। वित्तीय वर्ष 2016-2017 में प्रदेश में कुल 88 हजार ट्रैक्टर थे। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में यह संख्या बढ़कर 1,42,200 हो गई है। एक बयान के मुताबिक करीब चार दशक पहले किसी किसान की संपन्नता का पैमाना दरवाजे पर बंधे बैलों की संख्या से लगाया जाता था। धीरे-धीरे ट्रैक्टर ने बैलों को खेतीबाड़ी में अप्रासंगिक बना दिया। बदले दौर में अब ट्रैक्टर ही किसानों की शान, संपन्नता और खुशहाली के प्रमाण हैं। ट्रैक्टरों की संख्या के लिहाज से देखें तो उत्तर प्रदेश के किसान खुशहाल हैं। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। वह इस बात और खेती बाड़ी में उत्तर प्रदेश की संभावनाओं को लगातार सार्वजनिक मंचों पर कहते आ रहे हैं। उनके मुताबिक नौ तरह की अलग-अलग कृषि जलवायु, सिंधु-गंगा बेल्ट की दुनिया की सबसे उर्वर जमीन, गंगा, यमुना, सरयू जैसी सदानीरा नदियां, सबसे अधिक आबादी के कारण सस्ता श्रम और सबसे बड़ा बाजार होने के कारण उत्तर प्रदेश देश की खाद्य टोकरी बन सकता है। जरुरत इस बात की है कि किसानों के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को खेती बाड़ी से जोड़ा जाए। इसके लिए सरकार लगातार कृषि विज्ञान केंद्रों और 'द मिलियन फॉर्मर्स' स्कूल के तहत संचालित किसान पाठशाला से किसानों को जागरुक करने के साथ उनको नवाचार के लिए प्रोत्साहित भी कर रही है। उप्र सरकार, केंद्र की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ अपने स्तर से भी किसानों के हित में जो भी संभव है वह कर ही है।

## वर्ग पहेली नं. 3099

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| ■ | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| | ■ | ■ | 12 | | | ■ | | ■ | 13 |
| 14 | 15 | | | ■ | | ■ | 16 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| 18 | | 19 | | | ■ | ■ | 20 | | 21 |
| | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | ■ | |
| | ■ | 23 | | | | ■ | ■ | 24 | |

*बायें से दायें:-* 1) यातायात, 4) मज़ाकिया, 6) पौधे रोपने का पात्र, 8) दिग्दर्शक; सूत्रधार, 10) तहलका, 12) बहेलिया; अर्धमासिक, 14) अधिक मास, 16) मसालेदार भरवाँ पूरी, 17) निरंतर, 18) मृणाल, 20) झाड़ातलाशी, 22) डर, 23) सूतिकागृह, 24) मारधाड़; शोर.

*ऊपर से नीचे:-* 2) शूर्पकर्ण, 3) पर्वत, 4) खेद; शोक; पश्चात्ताप, 5) बाधा, 7) महकीला, 8) क़ानून, 9) एक पौधा जिसके फल से रुई निकलती है, 11) तड़कभड़क; नाज़नख़रा, 13) लटकन छल्ला; पीढ़ी; ज़ंजीर, 15) बागडोर, 17) उत्तर, 18) घटोतरी, 19) ज़ायकेदार; स्वादिष्ट, 21) गुंडा; दुर्जन, 22) पहुँचना.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न्न | ■ | जी | ■ | बे | ग़ | म | ■ | ब |
| नु | ■ | ■ | जा | सू | स | ■ | त | म | ग़ा |
| रू | ब | रू | ■ | ति | न | का | ■ | ■ | व |
| ह | द | ■ | ना | का | ■ | ज | मा | न | त |
| ■ | बू | झ | ना | ■ | मा | ल | ■ | ग | ■ |
| कि | ■ | ल | ■ | शू | न्य | ■ | प | र | दा |
| च | म | क | दा | र | ■ | ज | ल | पा | न |
| कि | ■ | ना | ला | ■ | आ | हा | ■ | लि | ■ |
| च | स्का | ■ | न | या | प | न | ■ | का | ढ़ा |

## सुडोकू-पहेली-3056

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | 4 | | 7 | 3 |
| 6 | 5 | | | 8 | | | | 1 |
| | 6 | | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 2 | | | | |
| 4 | | | | 3 | | | | 5 |
| 8 | 2 | | 5 | | | 6 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 4 | |
| | | | | | | | 2 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3055 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 4 | 8 | 1 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 | 2 | 9 | 5 |
| 1 | 4 | 5 | 2 | 8 | 9 | 6 | 7 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 | 4 | 6 |

# मुख्यमंत्री ममता ने पुलिस वालों की ली क्लास, डीजी राजीव कुमार को भी लगी फटकार

❑ **उत्तर बंगाल में प्रशासनिक बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस के एक वर्ग के खिलाफ लगाया ग्रुपबाजी का आरोप**



**सिलीगुड़ी :** एक बार फिर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस की क्लास ली। मुख्यमंत्री ने बकायदा राज्य पुलिस के मुखिया राजीव कुमार को फटकार लगाई। बुधवार को ममता बनर्जी उत्तर बंगाल के आठ जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सिलीगुड़ी स्थित उत्तरकन्या में आयोजित एक अहम बैठक कर रहीं थीं। तभी, वहां मुख्यमंत्री ने पुलिस महकमे की जमकर क्लास ली। कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर उन्होंने स्पष्ट नाराजगी जताई। राज्य की गृह मंत्री होने के नाते ममता ने न सिर्फ जिला पुलिस अधिकारियों को फटकारा, बल्कि राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार को भी नहीं बख्शा। इस दिन, जैसे-जैसे चर्चा आगे बढ़ी, ममता बनर्जी ने एक-एक कर पुलिस अधिकारियों से जवाब-तलब करना शुरू कर दिया। कूचबिहार के एसपी द्युतिमान भट्टाचार्य से उन्होंने सीधे सवाल किया कि डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन दास बैठक में क्यों नहीं आए। जवाब सुनने से पहले ही मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है। पुलिस के भीतर गुटबाजी क्यों हो रही है? पुलिस का काम है जनता की सेवा, न कि ग्रुप बनाकर किसी को दरकिनार करना। मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर चंदन दास ने सिर्फ इतना कहा कि वे बैठक में वर्चुअली शामिल थे और इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे, क्योंकि यह पुलिस का आंतरिक मामला है। बैठक में एक और पुलिस अधिकारी नीरज सिंह का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके खिलाफ भी कई शिकायतें मिल रही हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि नीरज किस जिले में पदस्थ हैं। बैठक में कूचबिहार से तृणमूल सांसद जगदीश चंद्र बसुनिया ने शिकायत की कि ग्रामीण सड़कों पर भारी ट्रकों की आवाजाही से नई बनी सड़कें टूट रही हैं। इस पर, ममता ने राजीव कुमार को डांटते हुए कहा कि मैं कितनी बार कह चुकी हूं कि ओवर-लोडेड ट्रक गांवों में न घुसें। फिर भी ऐसा क्यों हो रहा है? कोई पैसा खाकर ट्रकों को एंट्री दे रहा है क्या? यह काम आईसी की निगरानी में होता है और इसकी ज़िम्मेदारी डीजी की बनती है। मुख्यमंत्री ने माइक से थोड़ा हटकर भी कहा कि कुछ भी कहो, ये लोग सुनते ही नहीं। राजीव कुमार ने जवाब में कहा कि मैं देख लूंगा मैम। मगर ममता इससे संतुष्ट नहीं हुईं और दोबारा फटकार लगाते हुए बोलीं कि कब तक देखोगे? मेरी जुबान थक गई है एक ही बात बार-बार कहते-कहते।

## तृणमूल नेताओं ने हिंदुओं को निशाना बनाकर मुर्शिदाबाद हिंसा की साजिश रची : सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में हाल में हुई हिंसा की जांच के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट से यह उजागर हुआ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं के इशारे पर हिंदुओं के खिलाफ की गई थी। जांच समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए भाजपा ने मांग की कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के संबंधित नेताओं के विरूद्ध कार्रवाई करें। इस दिन, भाजपा प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता में बनर्जी से अपनी पार्टी के नेताओं के 'कुकृत्यों' के लिए माफी मांगने की भी मांग की। रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं को पढ़ते हुए त्रिवेदी ने कहा कि सभी हमले 11 अप्रैल को दोपहर 2 बजे के बाद स्थानीय पार्षद महबूब आलम के निर्देश पर किए गए, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने कुछ नहीं किया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा में 113 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे लोगों को सुरक्षा के लिए अन्य स्थानों पर भागना पड़ा। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि अगर पहलगाम में हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा गया, तो मुर्शिदाबाद में भी हिंदुओं को चुन-चुन कर मारने और उनके घरों को नष्ट करने की कोशिश की गई। तृणमूल नेताओं के इशारे पर सुनियोजित तरीके से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की गई। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि मैं ममता बनर्जी से पूछना चाहता हूं कि वह इन नेत-ाओं के खिलाफ कब कार्रवाई करेंगी? मारे गए लोगों के बारे में अपनी पार्टी के नेताओं के अपमानजनक और उपहासपूर्ण बयानों के लिए वह कब माफी मांगेंगी? अदालत द्वारा नियुक्त एसआईटी की रिपोर्ट में अब सारे तथ्य सामने आ रहे हैं।

## फर्जी पासपोर्ट रैकेट : राज्य की मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने वाले विदेशी नागरिकों की तलाश में पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने बुधवार को बताया कि राज्य में जाली दस्तावेजों के साथ मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने वाले विदेशी नागरिकों, मुख्य रूप से बांग्लादेशियों पर नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारियों को ऐसे विदेशी नागरिकों के कुछ खास नाम मिले हैं, जिनके फर्जी भारतीय पहचान दस्तावेज, जिनमें मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड, आधार कार्ड और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी शामिल हैं, का प्रबंध हाल ही में कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मल्लिक ने किया था। जांच में पता चला कि मलिक उत्तर 24 परगना जिले के दमदम-उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता के रूप में नामांकित था, जो दमदम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। जांच में यह भी पता चला कि उसने दो बार मतदान किया था, पहले 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में और फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में। अब, सूत्रों ने कहा, आगे की जांच से पता चला है कि जाली दस्तावेजों के साथ भारतीय मतदाता बनने वाले आज़ाद अकेले नहीं थे। सूत्रों ने कहा कि उन सभी ने अतीत में बाद के चुनावों में अपनी भारतीय नागरिकता स्थापित करने के स्पष्ट इरादे से मतदान किया था, जिसे उन्होंने अनुचित साधनों और जाली दस्तावेजों के माध्यम से व्यवस्थित किया था।

## ओबीसी आरक्षण को लेकर स्नातक में दाखिले में जटिलता! कानूनी रास्ता तलाश रही है राज्य सरकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर दाखिले की प्रक्रिया में ओबीसी आरक्षण को लेकर उत्पन्न जटिलता को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, कुछ ही दिनों में उच्च शिक्षा में दाखिले के लिए एकीकृत पोर्टल खोला जाएगा, हालांकि यह पोर्टल पहले 21 मई यानी आज से खुलने वाला था। ओबीसी आरक्षण को लेकर विपक्ष की ओर से दायर याचिका के कारण यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसी वजह से दाखिले की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हुई है। इस जटिलता से निपटने के लिए राज्य सरकार ने एजी (एडवोकेट जनरल) से



परामर्श लेना शुरू कर दिया है, साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं विकास विभाग से भी समाधान का रास्ता तलाशा जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और कानून विभाग एक साथ मिलकर वैकल्पिक समाधान की दिशा में काम कर रहे हैं, ताकि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके। राज्य के कुछ विश्वविद्यालय भी अपनी ओर से कानूनी सलाह ले रहे हैं। उदाहरणस्वरूप, कोलकाता विश्वविद्यालय और जादवपुर विश्वविद्यालय ने कानूनी सलाह के माध्यम से समाधान तलाशने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया, राज्य के एडवोकेट जनरल के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में आवेदन देकर वैकल्पिक उपाय का रास्ता निकाला जा सकता है। यह उपाय अदालत और वकील ही बता सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कानून विभाग से भी राय ली जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही समाधान निकल आएगा। सरकार की कोशिश है कि छात्रों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और दाखिला प्रक्रिया समय पर और निर्विघ्न रूप से पूरी हो सके।

## चाकदह में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे से व्यवसायी का रक्तरंजित शव बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला अंतर्गत चाकदह इलाके में बुधवार को सड़क किनारे से एक व्यवसायी का रक्तरंजित शव बरामद किया गया। मृत व्यवसायी का नाम नजीर शेख है। वह चाकदह थाना क्षेत्र का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, नजीर बुधवार की सुबह अपने व्यवसाय के सामान के साथ कोलकाता के लिए घर से निकले। मोटर वैन चालक उनके साथ था। नजीर के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, घर से निकलने के कुछ समय बाद वैन चालक ने घर पर फोन करके बताया कि मोटर वैन और लॉरी के बीच हुई टक्कर में नजीर की मौत हो गई है। नजीर को रक्तरंजित हालत में शिमुराली में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 से बरामद कर चाकदह स्टेट जेनेरल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्याणी जेएनएम अस्पताल भेज दिया गया है। चकदह थाने की पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय ने ईडी को सौंपा लिखावट का नमूना

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस बार ईडी ने राशन आवंटन घोटाले में आरोपित राज्य के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक की लिखावट का नमूना लिया है। राशन आवंटन भ्रष्टाचार मामले की जांच के दौरान बरामद पत्र ज्योतिप्रिय द्वारा लिखा गया था या नहीं, इसकी पुष्टि के लिए पूर्व मंत्री की लिखावट का नमूना एकत्र किया गया है। इसे परीक्षण के लिए केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयो-गशाला (सीएफएसएल) को भेजा जाएगा। दरअसल, ज्योतिप्रिय ने सरकारी अस्पताल एसएसकेएम में भर्ती रहने के दौरान अपनी बेटी को एक पत्र लिखा था। पत्र को टिफिन बाक्स में रखा गया था। अस्पताल में तैनात केंद्रीय सुरक्षा बलों ने पत्र को जब्त कर लिया और उसे ईडी के जांचकर्ताओं को सौंप दिया। ईडी का दावा है कि पत्र में पैसों के लेनदेन से जुड़े कुछ अहम मामलों का जिक्र किया गया था।

## मेडिकल काउंसिल ने शांतनु सेन की मेडिकल डिग्री पर उठाए बड़े सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल के पूर्व राज्यसभा सदस्य और डाक्टर शांतनु सेन की डिग्री को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राज्य मेडिकल काउंसिल को अंधेरे में रखकर विदेशी डिग्री का इस्तेमाल करने का आरोप है। सेन को बुधवार को राज्य चिकित्सा परिषद के समक्ष पेश होने को कहा गया। तदनुसार, शांतनु सेन इस दिन राज्य चिकित्सा परिषद के समक्ष उपस्थित हुए। वहां से निकलने के बाद उन्होंने दावा किया कि उन्होंने किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है। इसके बजाय, उन्होंने राज्य चिकित्सा परिषद का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि मुझसे कुछ सवालों के जवाब देने को कहा गया था। मैंने पूछे गए सवालों से कहीं ज़्यादा जवाब दिए हैं, साथ ही सहायक जानकारी भी दी है।

## कोलकाता मेडिकल कॉलेज में इंटर्न के दाढ़ी और पहनावे पर टिप्पणी के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक विवादित टिप्पणी को लेकर बुधवार को छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि ईएनटी विभाग के एक प्रोफेसर ने दाढ़ी और पारंपरिक पाजामा-कुर्ता पहने एक इंटर्न को 'आतंकी' कह दिया। इस टिप्पणी को लेकर कॉलेज परिसर में छात्रों में गहरा आक्रोश फैल गया है। घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित कर दी है। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है जब एक इंटर्न पाजामा-कुर्ता पहनकर और लंबी दाढ़ी के साथ अस्पताल के ईएनटी विभाग में पहुंचा। उसी दौरान विभाग के एक प्रोफेसर ने उसके पहनावे और दाढ़ी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। आरोप है कि प्रोफेसर ने न सिर्फ उसे 'आतंकी' कहा, बल्कि यह भी कहा कि ऐसे हुलिए में मरीज डर सकते हैं। साथ ही, इंटर्न से यह भी कहा गया कि वह पाजामा-कुर्ते की जगह शर्ट-पैंट पहने और दाढ़ी हटाकर ही विभाग में प्रवेश करे। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद छात्र प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल इंद्रनील विश्वास को लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कॉलेज प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के लिए एक फैक्ट-फाइंडिंग कमिटी का गठन किया है। यह समिति गुरुवार को शिकायतकर्ता इंटर्न और आरोपी प्रोफेसर दोनों से बातचीत करेगी। घटना के विरोध में बुधवार को छात्र सड़क पर उतर आए और कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि प्रोफेसर का यह बयान न सिर्फ अपमानजनक है, बल्कि सांप्रदायिक मानसिकता को दर्शाता है, जो मेडिकल जैसे पेशे में अक्षम्य है।

❑ **घटना के बाद डॉक्टर ने दी सफाई, मांगी माफी**

विवाद बढ़ने के बाद आरोपित प्रोफेसर ने सफाई देते हुए कहा कि अगर मेरी बात से उसे बुरा लगा हो तो मैं खेद प्रकट करता हूं। मैंने मजाक के तौर पर ऐसा कहा था और आगे से इस तरह की टिप्पणी नहीं करूंगा। मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था और मेरे लिए सभी छात्र समान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दाढ़ी को लेकर टिप्पणी उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता और पेशेवर व्यवहार को ध्यान में रखते हुए की थी।

❑ **शिकायत के बाद जांच समिति गठित**

कॉलेज के प्रिंसिपल इंद्रनील विश्वास ने बुधवार की शाम कहा कि हमें लिखित शिकायत मिली है और इस पर संज्ञान लेते हुए एक जांच समिति बनाई गई है। ऐसे संवेदनशील विषयों पर बोलते समय सभी को सतर्क रहना चाहिए। समिति दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले की गहराई से जांच करेगी।

## सोनारपुर में बदमाशों ने कर्मचारी के गले पर धारदार हथियार रखकर लूटे लाखों रुपये के जेवरात

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के सोनारपुर में बुधवार को दुस्साहसिक डकैती हुई। आरोप है कि कर्मचारी के गले पर धारदार हथियार रखकर लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए गए। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोनारपुर थाना अंतर्गत कालिकापुर-2 पंचायत के साहेबपुर में घटी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में एक युवक बाइक पर सवार होकर आभूषण खरीदने दुकान पर आया था। उस समय वहां शंभूनाथ चौधरी नाम का एक कर्मचारी था। लेकिन, युवक कुछ देर बाद कुछ बहाना बनाकर वहां से चला गया। दोपहर में वह फिर दुकान पर वापस आया। कथित तौर पर, दो अन्य युवक भी उसके साथ दुकान में घुसे। सभी के सिर पर हेलमेट था। परिणामस्वरूप, उनके चेहरे नहीं दिखाई दिए। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, उनमें से एक ने शंभूनाथ के गले पर धारदार हथियार रख दिया। यह भी आरोप है कि उसे बुरी तरह पीटा गया। उस समय बाकी दो लोगों ने दुकान लूट ली। कुछ देर बाद बदमाश शंभूनाथ को बंधा हुआ छोड़कर वहां से भाग गए। सूचना मिलने पर सोनारपुर और बारुईपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पूरी घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि दुकान से करीब 40 लाख रुपये मूल्य के आभूषण गायब हुए हैं। स्थानीय लोग दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई लूट की घटना को लेकर मुखर हैं। उन्होंने अधिक पुलिस सुरक्षा की मांग की है।

## कोलकाता में आसमान में देखे गए कई रहस्यमय ड्रोन, जांच में जुटी सेना और पुलिस

**✒ केंद्र ने घटना पर राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग (पूर्व नाम फोर्ट विलियम) व इससे सटे विक्टोरिया मेमोरियल, मैदान व हेस्टिंग्स क्षेत्र के उपर सोमवार की देर रात ड्रोन जैसी कई रहस्यमय वस्तुएं मंडराती हुई देखी गईं, जिसके बाद पुलिस ने जासूसी की आशंका सहित सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक इस रहस्यमय ड्रोन के स्रोत का पता नहीं चला है। अधिकारी ने बताया कि सोमवार की रात करीब 9.45 से 10.30 बजे के बीच कम से कम 8-10 ऐसी संदिग्ध वस्तुएं उड़ती हुई देखी गईं। यह क्षेत्र पूर्वी सेना कमान के नो-फ्लाई जोन में आता है। राज्य प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने भी इस घटना पर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। अधिकारी ने बताया कि हेस्टिंग्स थाने के कर्मियों ने सबसे पहले ड्रोन जैसी दिखने वाली इन उड़ती हुई वस्तुओं को देखा। ये ड्रोन जैसी वस्तुएं कोलकाता से सटे दक्षिण 24 परगना जिले के बेहला व महेशतला की दिशा से उड़ती देखी गईं। ये वस्तुएं हेस्टिंग्स क्षेत्र, सेकंड हुगली ब्रिज (विद्यास-ागर सेतु) और पूर्वी कमान मुख्यालय के ऊपर मंडराती दिखीं। उन्होंने बताया कि ड्रोन जैसी वस्तुएं गायब होने से पहले महानगर के पूर्वी हिस्से में पार्क सर्कस क्षेत्र के ऊपर भी देखी गईं। ड्रोन जैसी संदिग्ध वस्तुएं देखे जाने के तुरंत बाद कोलकाता पुलिस के मुख्यालय लालबाजार स्थित नियंत्रण कक्ष को सूचित किया गया। इसके बाद, आसपास के सभी पुलिस स्टेशनों को तुरंत हाई अलर्ट कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि कोलकाता पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जासूसी विभाग ने पहले ही जांच शुरू कर दी है। जासूसी की आशंका सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद से सेना भी अलर्ट पर है और इसकी जांच कर रही है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. (i) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-25-26-06,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 12.00 बजे से पूर्व ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** खड़गपुर मंडल: फेज-II के रूप में खड़गपुर मंडल के विभिन्न स्थानों पर 01 केडब्ल्यू से 50 केडब्ल्यू ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ करना। **निविदा मूल्य:** रु.15,14,89,115.15, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु.9,07,500/-, **खुलने की तिथि:** दिनांक 10.06.2025, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से क्रम सं. (i) के लिए 6 माह। **जमा करने की तिथि:** दिनांक 10.06.2025 को 12.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन और विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-181)

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/नोआपाड़ा, मेट्रो रेलवे, कोलकाता भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदा सूचना निम्नानुसार आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** 3 वर्षों के लिए प्रमुख रिपेयर शॉप के विभिन्न गेज एवं इंस्ट्रूमेंट्स का कैलिब्रेशन (अंशाकन); **विज्ञापित मूल्य:** रु.7,04,814/-; **बोली प्रतिभूति :** रु.14,100/-; **अंतिम तिथि और समय:** 10.06.2025 को 15.00 बजे (आईएसटी); **सूचना पट का पता:** मुख्य विद्युत अभियंता/आरएस, दमदम कार डिपो कॉम्प्लेक्स, मेट्रो रेलवे, कोलकाता-700090 का कार्यालय; **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in

निविदा सं. : एमआर-पीओएच-74-167

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन., पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा **वर्ष 2025 के जून माह के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम** आमंत्रित किया जाता है।

सं.: एस.4/एस/डीएपी/2025-26 दिनांक 20.05.2025

| क्रम | डिपो/मंडल | कार्यक्षेत्र | तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो | बेलुड़ स्क्रैप यार्ड डिपो, हावड़ा और आसनसोल मंडल | 04.06.2025 | 17.06.2025 | 26.06.2025 |
| 2 | हालिशहर डिपो | हालिशहर डिपो एवं सियालदह मंडल | 05.06.2025 | 18.06.2025 | 27.06.2025 |
| 3 | जमालपुर डिपो | जमालपुर डिपो एवं मालदा टाउन मंडल | 06.06.2025 | 13.06.2025 | 24.06.2025 |
| 4 | हावड़ा मंडल | हावड़ा मंडल | 11.06.2025 | 18.06.2025 | 30.06.2025 |
| 5 | आसनसोल मंडल | आसनसोल मंडल | 03.06.2025 | 17.06.2025 | 26.06.2025 |
| 6 | सियालदह मंडल | सियालदह मंडल | 12.06.2025 | 25.06.2025 | — |
| 7 | मालदा टाउन मंडल | मालदा टाउन मंडल | 06.06.2025 | 23.06.2025 | — |

STORES-12/2025-26 मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन.

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्वोत्तर रेलवे के तहत ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

पुल रखरखाव कार्य के लिए, पूर्वोत्तर रेलवे के तहत लखनऊ मंडल के जफ़राबाद-अयोध्या कैन्ट. अनुभाग में जाफरगंज एवं अकबरपुर स्टेशनों के बीच अप लाइन पर **दिनांक 24.05.2025 से 30.06.2025 तक 23 दिनों के लिए** (सप्ताह में 4 दिन यानी शनिवार, रविवार, सोमवार एवं बुधवार) **प्रतिदिन 5 घंटे (11.30 बजे से 16.30 बजे तक) ट्रैफिक ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित एक्सप्रेस ट्रेनें मार्ग में निम्नानुसार नियंत्रित की जाएगी: **नियंत्रण: ●15743 बालूरघाट-बठिण्डा जंक्शन फरक्का एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 23.05, 25.05, 27.05, 30.05.2025, 01.06, 03.06, 06.06, 08.06, 10.06, 13.06, 15.06, 17.06, 20.06, 22.06, 24.06, 27.06 एवं 29.06.2025) मार्ग में 2 घंटे 15 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **●13009 हावड़ा-योग नगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 23.05, 24.05, 25.05, 27.05, 30.05, 31.05.2025, 01.06, 03.06, 06.06, 07.06, 08.06, 10.06, 13.06, 14.06, 15.06, 17.06, 20.06, 21.06, 22.06, 24.06, 27.06, 28.06 एवं 29.06.2025) मार्ग में 2 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सरकारी आश्वासन के बाद फिलहाल स्थगित तीन दिवसीय बस हड़ताल, यात्रियों को राहत

### कोलकाता पुलिस कमिश्नर और परिवहन सचिव के साथ बैठक के बाद बस सिंडिकेट ने की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** सरकारी आश्वासन मिलने के बाद आगामी तीन दिवसीय बस हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अब गुरुवार से बस हड़ताल नहीं होगी। यह जानकारी बुधवार को बस मालिकों के सिंडिकेट की ओर से दी गई। कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा और परिवहन सचिव सौमित्र मोहन के साथ बैठक के बाद बस मालिकों ने यह फैसला लिया।



बस मालिकों ने साफ कर दिया है कि वे सितंबर तक सरकार की कार्रवाई का इंतज़ार करेंगे। यदि इस दौरान उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे फिर से आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।

गौरतलब है कि परिवहन बचाओ कमिटी की ओर से मई महीने में तीन दिनों (22, 23 और 24 मई) की बस हड़ताल का आह्वान किया गया था।

❑ **इनकी प्रमुख मांगों में शामिल थे :**

- 15 साल पुराने बसों को तत्काल रद्द न किया जाए।
- कोविड के दौरान 2 साल तक बसें नहीं चलीं, इसलिए उस अवधि को उम्र सीमा में जोड़ा जाए।
- पुलिस की कथित ज्यादती और मनमाने ढंग से टोल टैक्स वसूली को रोका जाए।
- डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से राहत दी जाए।
- कुल मिलाकर 5 सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र भी भेजा था और 20 मई तक समाधान न मिलने पर हड़ताल की चेतावनी दी थी।

बुधवार सुबह हुई बैठक में बस मालिकों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से लेने का आश्वासन सरकार की ओर से दिया गया। इसके बाद बस सिंडिकेट ने हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया। इस संबंध में जॉइंट काउंसिल ऑफ बस सिंडिकेट के महासचिव तपन बंद्योपाध्याय ने कहा, सरकार ने हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का वादा किया है, इसलिए हमने फिलहाल सितंबर तक के लिए हड़ताल स्थगित रखने का निर्णय लिया है। इस फैसले से यात्रियों में राहत की सांस है, खासकर उन छात्रों और कर्मचारियों के लिए जो सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# आंदोलनकारी दो शिक्षक नेताओं को थाने में हाजिर होने का हाई कोर्ट का आदेश

❑ गुरुवार सुबह 10 बजे जांच अधिकारियों से मिलने का निर्देश



**कोलकाता :** बिकाश भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे योग्य लेकिन नौकरी से वंचित शिक्षकों के आंदोलन के बीच, कोलकाता हाई कोर्ट ने दो प्रमुख शिक्षक नेताओं – इंद्रजीत मंडल और सुदीप कोणार – को गुरुवार सुबह 10 बजे जांच अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। यह आदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने दिया।

हालांकि फिलहाल पुलिस इन दोनों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं करेगी। बुधवार को राज्य के वकील कल्याण बंद्योपाध्याय ने अदालत में कहा, उन्हें आज ही थाने जाने को कहिए। वे जाकर बताएं कि घटनास्थल पर कौन-कौन थे। हम इन दो व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेंगे। राज्य सरकार के इस आश्वासन के आधार पर ही न्यायमूर्ति घोष ने दोनों शिक्षक नेताओं को जांच अधिकारी से मिलने का निर्देश दिया।

राज्य के एक अन्य वकील स्वपन बंद्योपाध्याय ने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों ने बिकाश भवन के सामने हुलिगन जैसा व्यवहार किया और पुलिसकर्मियों पर हमला किया। इस पर न्यायमूर्ति घोष ने पूछा, क्या इस प्रदर्शन के लिए अनुमति ली गई थी? 50-100 प्रदर्शनकारी सेंट्रल पार्क में रहें। किसी सरकारी कर्मचारी को चोट नहीं पहुंचनी चाहिए।

न्यायमूर्ति घोष ने सुझाव दिया कि आंदोलनकारी शिक्षक बिकाश भवन के सामने न रहकर सेंट्रल पार्क में धरना दे सकते हैं। राज्य सरकार को उनके लिए बायो-टॉयलेट और पीने के पानी की व्यवस्था करनी होगी।

राज्य के वकील ने अदालत को यह भी बताया कि सरकार शांतिपूर्ण आंदोलन के पक्ष में है। लेकिन जब उन्होंने कहा कि एक गर्भवती महिला को रोका गया, तो न्यायमूर्ति नाराज़ हो गए और कहा, आप लोग शिक्षक हैं, शिक्षक की तरह व्यवहार करें। नहीं तो पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ेगी। मैं आपकी स्थिति समझता हूँ, लेकिन सभी सरकारी कर्मचारी इस मामले में शामिल नहीं हैं।

इस पर कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा, जरा देखिए कि ये लोग शिक्षक हैं? इन्होंने बिकाश भवन के दरवाजे और पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ी है। एक-दूसरे के ऊपर चढ़कर दीवार फांद रहे हैं। क्या ये हमारे राज्य के शिक्षक हैं? अगर हम कुछ नहीं कर सकते, तो क्या ये लोग सिर्फ लूटपाट करेंगे? यह सिर्फ आंदोलनकारियों की नहीं, बाकी लोगों की भी जिंदगी का सवाल है। राज्य समीक्षा कर रहा है। देश के नंबर एक वकील अभिषेक मनु सिंघवी उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में लड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा लेने को कहा है, अब हम क्या करें?

अंत में, न्यायमूर्ति घोष ने इंद्रजीत मंडल और सुदीप कोणार को मौखिक रूप से थाने में उपस्थित होने का निर्देश देते हुए कहा, आप पुलिस के पास जाएं। पुलिस आपके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी।

## आंदोलनरत शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा परिषद ने थमाया शोकॉज नोटिस, सात दिन में लिखित जवाब मांगा

❑ तोड़फोड़ समेत कई गंभीर आरोप

**कोलकाता :** बिकाश भवन में आंदोलनरत नौकरी से वंचित शिक्षकों के एक वर्ग को माध्यमिक शिक्षा परिषद (मध्यशिक्षा परषद) ने शोकॉज नोटिस जारी किया है। परिषद ने शिक्षकों से सात दिनों के भीतर लिखित जवाब देने को कहा है। यह नोटिस 15 मई को हुई घटनाओं के संदर्भ में भेजा गया है, जिसमें शिक्षकों पर अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

यह नोटिस 16 मई (शुक्रवार) से भेजना शुरू किया गया है और यह शिक्षा विभाग को प्राप्त शिकायतों के आधार पर जारी किया गया है। परिषद की ओर से भेजे गए पत्र में उल्लेख है कि 15 मई को बड़ी संख्या




में शिक्षक और शिक्षिकाएं बिकाश भवन के सामने इकट्ठा होकर प्रदर्शन कर रहे थे। वीडियो और तस्वीरों के आधार पर कई लोगों की पहचान की गई है जो कथित रूप से गैरकानूनी कार्यों में संलिप्त थे।

परिषद का आरोप है कि आंदोलन के कारण सरकारी दफ्तरों का कामकाज प्रभावित हुआ, सरकारी कर्मचारियों को काफी देर तक रोका गया, गेट तोड़ा गया, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। यहां तक कि जो आम लोग किसी सेवा के लिए बिकाश भवन आए थे, उन्हें भी परेशान किया गया। पत्र में अभद्र भाषा का प्रयोग और सरकारी कर्मियों को अपशब्द कहने की घटनाओं का भी उल्लेख है।

परिषद ने पूछा है कि आखिरकार प्रदर्शनकारियों ने इस तरह का व्यवहार क्यों किया और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। शोकॉज नोटिस में यह स्पष्ट किया गया है कि संबंधित शिक्षकों को नोटिस मिलने के सात दिन के भीतर इसका उत्तर देना अनिवार्य है।

राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और आंदोलनकारी शिक्षकों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की संभावना जताई जा रही है।

## बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, टाटा लार्ज एंड मिडकैप फंड बना कोलकाता के निवेशकों की पसंद

**कोलकाता :** हाल ही में बाज़ार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, लार्ज एंड मिडकैप म्यूचुअल फंड में निवेशकों की अच्छी खासी दिलचस्पी देखी गई है। वित्त वर्ष 25 में शुद्ध निवेश 40,308 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल के आंकड़ों से दोगुना से भी ज़्यादा है। यह गति अप्रैल 2025 में भी जारी रही और 2,552 करोड़ रुपये का नया निवेश हुआ, जो दर्शाता है कि इस श्रेणी की लार्ज-कैप स्थिरता और मिड-कैप वृद्धि दोनों निवेश को आकर्षित करते हैं। टाटा एसेट मैनेजमेंट के सीनियर फंड मैनेजर चंद्रप्रकाश पडियार ने कहा, लार्ज एंड मिडकैप फंड निवेशकों को लार्ज कैप की रिलेटिव सुरक्षा का लाभ उठाने के साथ-साथ उभरती हुई मिड-कैप कंपनियों की विकास क्षमता का लाभ उठाने की अनुमति देते हैं।

## तारापीठ में निजी लॉज में देह व्यापार के कारोबार का भंडाफोड़, मालिक व एक महिला गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले के तारापीठ में एक निजी लॉज में चल रहे देह व्यापार के कारोबार का बुधवार को पुलिस ने भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मामले में लॉज मालिक गौतम नस्कर और एक महिला को घटनास्थल से गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि तारापीठ के मान्यामलिनी तल स्थित लॉज में लंबे समय से असामाजिक गतिविधियां चल रही थीं।

उस शिकायत के आधार पर बुधवार को तारापीठ पुलिस स्टेशन ने छापेमारी की। छापे के दौरान प्रारंभिक साक्ष्य मिलने के बाद लॉज मालिक और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में, जब गिरफ्तार व्यक्ति को रामपुरहाट उपजिला न्यायालय में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने उसे 14 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस घटना में कोई और भी शामिल है या नहीं। घटना की जांच चल रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, तारापीठ के पवित्र तीर्थस्थल पर इस तरह की गतिविधियां धार्मिक छवि को धूमिल कर रही हैं। उनकी मांग है कि प्रशासन सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में इस तरह की अवैधानिक घटनाएं न हों।

## हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की टीम ने स्मार्ट बंगाल हैकथॉन 2025 में जीता प्रथम स्थान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (डेटा साइंस) विभाग के तीसरे वर्ष के छात्रों की एक टीम ने स्मार्ट बंगाल हैकथॉन 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह हैकथॉन आरसीआईआईटी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका ग्रैंड फिनाले 2 और 3 मई को हुआ, जिसमें क्षेत्र की लगभग 80 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम ने जवान: प्रौद्योगिकी नवाचार के माध्यम से सीमा सुरक्षा और सैनिक कल्याण में क्रांतिकारी बदलाव नामक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया, जो एआई-आधारित एक समग्र समाधान है। इस प्रोजेक्ट में रियल-टाइम खतरे की पहचान के लिए एआई-संचालित ध्वनि और वस्तु पहचान प्रणाली, रूट ऑप्टिमाइजेशन, एसओएस-सक्षम




निगरानी प्रणाली, संसाधन और इन्वेंट्री प्रबंधन, सैनिकों की स्वास्थ्य निगरानी, हथियार की घातकता की पहचान और गेमिफाइड प्रशिक्षण मॉड्यूल जैसी तकनीकी विशेषताएं शामिल हैं। चार कठिन राउंड्स के बाद अत्याशा भट्टाचार्य, संदीप सरकार, शुभांजन साहा और ईशान कर्मकार की टीम को विजेता घोषित किया गया और 50,000 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस टीम का मार्गदर्शन प्रोफेसर झलक दत्ता ने किया। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की तकनीकी समझ और नवाचार क्षमता को दर्शाती है, बल्कि हेरिटेज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

## कोलकाता मेट्रो के नोआपाड़ा कारशेड में अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कोलकाता :** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोलकाता मेट्रो रेलवे लगातार विभिन्न उपाय कर रही है। 'कोलकाता की जीवनरेखा' मानी जाने वाली मेट्रो में किसी भी आगजनी जैसी अप्रिय घटना से बचाव के लिए सुरक्षा उपायों की नियमित निगरानी और समीक्षा मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी द्वारा की जाती है। इसी क्रम में, सुरंगों या वायाडक्ट पर किसी भी आपातकालीन अग्निकांड की स्थिति से निपटने के लिए मेट्रो कर्मियों की तैयारियों को जांचने हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। 20 मई 2025 को नोआपाड़ा कारशेड में ऐसा ही एक अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मेट्रो कर्मचारियों को आग लगने की विभिन्न परिस्थितियों और धुएं की स्थिति का अनुकरण कर उसे बुझाने की व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में विद्युत विभाग के फील्ड स्टाफ ने भाग लिया। अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से मेट्रो कर्मियों की सतर्कता और आपात स्थिति में प्रतिक्रिया देने की क्षमता में वृद्धि होगी। इससे किसी भी आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्य तेजी से किया जा सकेगा और मेट्रो सेवा को शीघ्र सामान्य किया जा सकेगा। मेट्रो रेलवे की यह पहल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हुमायूं कबीर ने फिर अपने ही दल के दो मंत्रियों पर बोला हमला

### तृणमूल विधायक ने कहा, मंत्री फिरहाद हकीम को बंगाली मुसलमानों में नहीं किया जाता स्वीकार

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर के बड़बोले तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर एक बार फिर बेलागाम हो गए हैं। उन्होंने अपने ही दल के वरिष्ठ नेता व शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ही नहीं बल्कि जन शिक्षा व पुस्तकालय सेवा विभाग के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी पर भी जुबानी हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि फिरहाद हकीम को बंगाली मुसलमानों में स्वीकार नहीं किया जाता। मुसलमानों के बीच सिद्दीकुल्ला का प्रभाव भी कम हो गया है। सिद्दीकुल्ला नौ सालों से मंत्री रहने के बाद भी कुछ नहीं कर सके। हुमायूं ने एक चैनल को दिए दिए साक्षात्कार में बोल रहे थे।



बंगाल के मुसलमान क्या चाहते हैं? हुमायूं ने स्वयं कहा कि वह उत्तर पाने के लिए पूरे राज्य में सर्वेक्षण करा रहे हैं। भरतपुर विधायक ने यह भी दावा किया कि उनके क्षेत्र में जनता का समर्थन बरकरार है। हुमायूं के अनुसार, 2.10 करोड़ बंगाली मुस्लिम मतदाता हैं। फिरहाद उन्हें स्वीकार्य नहीं है। यद्यपि सिद्दीकुल्ला चौधरी लोकप्रिय थे, लेकिन नौ साल से मंत्री रहने के कारण वे कोई काम नहीं कर पाए। परिणामस्वरूप, मुसलमानों के बीच उनकी छवि ख़राब हुई है। जो आने वाले चुनावों में साबित हो जाएगा। हुमायूं ने कहा कि इस सर्वेक्षण का उद्देश्य यह पता लगाना है कि बंगाल के सभी मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में मुसलमान क्या चाहते हैं और उनके मन में क्या चल रहा है। मैंने एक विशेष टीम बनाई है। वे मुझे सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत तक एक समग्र रिपोर्ट देंगे।

## यूरेका फोर्ब्स ने स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए श्रद्धा कपूर को बनाया अपना ब्रांड एम्बेसडर

**कोलकाता :** देश की स्वास्थ्य एवं स्वच्छता उद्योग की अग्रणी कंपनी, यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड ने अभिनेत्री श्रद्धा कपूर को वैक्यूम क्लीनर की अपनी प्रतिष्ठित श्रृंखला के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। चार दशकों से अधिक समय से लाखों भारतीय परिवारों के लिए भरोसेमंद इस कंपनी के लिए यह गठजोड़ भारत में घरेलू स्वच्छता और स्वस्थ जीवन जीने को बढ़ावा देने के उसके प्रयास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्रद्धा कपूर ने यूरेका फोर्ब्स के साथ अपने जुड़ाव के बारे में बात करते हुए कहा, मैं यूरेका फोर्ब्स परिवार के साथ जुड़कर वाकई बहुत खुश हूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि साफ-सुथरा घर स्वस्थ दिमाग और शरीर की नींव है। यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड के चीफ ग्रोथ ऑफिसर, अनुराग कुमार ने कहा, हमें यूरेका फोर्ब्स परिवार में अपने वैक्यूम क्लीनर के चेहरे के रूप में श्रद्धा कपूर का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।




## छात्रों के दो गुटों में संघर्ष 2 घायल 2 गिरफ्तार

**हुगली :** श्रीरामपुर कॉलेज में तृणमूल छात्र संगठन के दो गुट आपस में भीड़ गए। एक वक़्त के लिए कॉलेज परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। इस घटना में दो छात्र घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि रस्सी खींचने' (टग ऑफ वॉर) प्रतियोगिता के विजेताओं में प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर दो गुटों में विवाद उत्पन्न हुआ। घायलों को वॉल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो बाहरी युवकों अतनु चौधरी और अशोक साव को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह दोनों कॉलेज के छात्र नहीं हैं। थाना प्रभारी सुखमय चक्रवर्ती के अनुसार गत नवंबर महीने में श्रीरामपुर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था. उस दौरान 'टग ऑफ वॉर' प्रतियोगिता में एक टीम विजयी हुई थी। हाल ही में, उस विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी पुरस्कार वितरण को लेकर तृणमूल छात्र परिषद के एक वर्ग ने आपत्ति जताई। उनका आरोप था कि उक्त प्रतियोगिता में विजेता टीम की ओर से बाहरी लोग खेल में शामिल हुए थे, जो नियम के खिलाफ था। सोमवार को कॉलेज कैंटीन में दोनों गुटों के बीच बहस छिड़ गई। बहस जल्द ही मारपीट में तब्दील हो गई और कॉलेज से निकलकर मामला गंगा घाट तक पहुंच गया, जहां कथित तौर पर तृणमूल के कुछ बाहरी कार्यकर्ता भी शामिल हो गए।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए श्रीरामपुर तृणमूल नेतृत्व को हस्तक्षेप करना पड़ा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नेतृत्व ने पुलिस के साथ कई दौर की बातचीत की ताकि मामला शांत किया जा सके। श्रीरामपुर थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पुष्टि की है कि यह एक मारपीट की घटना थी और गिरफ्तार किए गए दोनों युवक कॉलेज के छात्र नहीं हैं। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है।

तृणमूल हुगली जिला सांगठनिक अध्यक्ष व विधायक अरिंदम गुइन ने कहा कि किसी तरह की गैरकानूनी गतिविधि और अन्याय को स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बाहरी युवकों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। कानून अपने तरीके से काम कर रहा है। दो बाहरी युवकों को गिरफ्तार किया गया है जो कॉलेज के छात्र नहीं है।

## चंद्रकोना में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन की मौत, एक की स्थिति गंभीर

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गई। पता चला है कि गत मंगलवार की शाम घाटाल-चंद्रकोना राज्य राजमार्ग के बुड़ीर पुकुर इलाके में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। यह दुर्घटना चंद्रकोना थाना अंतर्गत क्षीरपाई चौकी क्षेत्र में घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइकों की गति बहुत तेज थी और आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार चार छिटककर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में, पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत बचाया और उन्हें क्षीरपाई अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि, गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को गंभीर हालत में घटाल उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पता चला है कि मृतक और घायल बांकुड़ा जिले के कोतुलपुर थाना अंतर्गत सिहार इलाके के निवासी हैं। इस घटना के बाद इलाके में शोक की छाया छा गई।

## नवद्वीप में ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला की नवद्वीप थाने की पुलिस ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ अभियान चलाकर दो युवकों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के नाम बापन सरकार और मनोज देबनाथ है। बाबन सरकार नवद्वीप थाना अंतर्गत प्रफुल्लनगर इलाके का रहने वाला है और मनोज देबनाथ प्रतापनगर इलाके में रहता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नवद्वीप थाने से सटे इलाके में लंबे समय से अवैध ऑनलाइन गेमिंग के आरोप सामने आ रहे थे। आम लोग ऑनलाइन गेम के चंगुल में फंसकर आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर नवद्वीप थाने की पुलिस ने मंगलवार की देर रात छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से दो मोबाइल भी फोन जब्त किये। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के खिलाफ विशेष धाराओं के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को उन्हें नवद्वीप अदालत में पेश किया।

## हावड़ा मंडल ने बामनगाछी रेलवे कॉलोनी में प्रभात फेरी और स्वच्छता अभियान का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के 100 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में 20 मई को बामनगाछी रेलवे कॉलोनी में प्रभात फेरी और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और कॉलोनीवासियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत एक उत्साहपूर्ण प्रभात फेरी से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने मंडल की शताब्दी सेवा और ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित करते हुए नारे लगाए और बैनरों के साथ कॉलोनी में भ्रमण किया। इस रैली का उद्देश्य न केवल मंडल की गौरवशाली यात्रा को साझा करना था, बल्कि स्थानीय समुदाय को रेलवे के प्रति गर्व और जागरूकता से जोड़ना भी था। प्रभात फेरी के बाद कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके



अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, गलियों और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। रेलवे कर्मियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया, जिससे स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चेतना को बल मिला। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों से पूरी तरह मेल खाती है।

यह आयोजन न केवल हावड़ा मंडल की समृद्ध विरासत का उत्सव था, बल्कि नागरिकों में स्वच्छ और जिम्मेदार समाज की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाला एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ। शताब्दी समारोहों के अंतर्गत ऐसे कार्यक्रम भविष्य के लिए स्वच्छ और सतत विकास की दिशा में प्रेरक भूमिका निभा रहे हैं।

## हातिशाला में 40 किलो गांजा के साथ चार गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पोलेरहाट थाने की पुलिस ने 40 किलो गांजा के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पता चला है कि बुधवार की सुबह सूत्रों से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने भांगड़ के हातिशाला में तलाशी अभियान चलाया। तभी, सियालदह की ओर से आ रही एक पीली टैक्सी की तलाशी ली गई और उसमें से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने गांजा के साथ कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित कूचबिहार के निवासी है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किए। आरोपित यह गंजा लेकर कहां जा रहे थे? पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या यह सिर्फ 40 किलो गांजा था या इसके पीछे कोई अन्य बड़ा ड्रग गिरोह था। जांच शुरू हो गई है।

## वरीय मीडियाकर्मी की जीविका के साधन पर हमला

❑ पीड़ित के परिजनों को दहशत में रखने के लिए तालाब में दिया जहर!



**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने वरीय मीडियाकर्मी मृत्युंजय सरदार को सुरक्षा देने का निर्देश देने के बाद भी सुरक्षा की बात तो दूर कथित दबंगों द्वारा लगातार आतंक में रखने की कोशिश की जा रही है। मृत्युंजय सरदार ने आरोप लगाते हुए कहा कि, दबंगों द्वारा तमाम कोशिश के बाद अब उन्हें परिवार सहित भूखमरी का शिकार बनाना चाहते हैं। कारण उनके परिजनों के रोटी-रोजी के साधन उनके तालाब में एक बार फिर कथित तौर पर जहर दिया गया है। कारण जहर देकर मछलियों को मार कर उन्हें आतंक में रखने की कोशिश की गई है। तीन समाचार पत्रों के सम्पादक मृत्युंजय सरदार के कुछ माह पहले भी वाहन से कुचलकर मारने की कोशिश हो चुकी है। सरदार की माने तो वह और उनके परिवार के साथ घटी तमाम घटनाओं के तहत सरकार एवं प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की मांग चुके है। हाई कोर्ट ने सुरक्षा का निर्देश दिया है लेकिन स्थानीय जीवनतल्ला थाना ने इस निर्देश को ठेंगे पर रख दिया है। इससे पहल राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पश्चिम बंगाल स्थित दक्षिण 24 परगना जिले के डीएम व एसपी को वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय सारदार के मामले में आवश्यक कार्रवाई करने और 15 दिनों के भीतर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था।इससे पहले भी जिले के हेदीयार गांव, पुलिस स्टेशन जीवन तला के निवासी वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय सरदार ने अपनी चल-अचल संपत्ति और निजी सामान की सुरक्षा के लिए आयोग से हस्तक्षेप की मांग किया था। गौरतलब है कि सरदार पर कई बार हमले हो चुके हैं। कई बार मांगने के बाद भी उनकी व उनके व उनके परिवार की सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई है। जबकि सरदार पुलिस प्रशासन और सरकार से सुरक्षा की गुहार लगातार लगाते रहें है।

## बांद्रा-बीकानेर के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन सेवा शुरू, प्रधानमंत्री देशनोक से दिखाएंगे हरी झंडी

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे ने बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर के बीच एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन को 22 मई 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के देशनोक रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही इस ट्रेन की नियमित सेवा भी प्रारंभ हो जाएगी। रेलवे बोर्ड द्वारा इस संबंध में अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी है। नई ट्रेन संख्या 21903 हर सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से रात 11:25 बजे रवाना होगी और मंगलवार रात 8:40 बजे बीकानेर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 21904 प्रत्येक बुधवार को सुबह 8:50 बजे बीकानेर से रवाना होकर गुरुवार सुबह 6:45 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि इस ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, मेहसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर, नोखा और देशनोक स्टेशनों पर रहेगा। यह ट्रेन कुल 22 कोचों के साथ चलेगी, जिसमें 18 तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी कोच, 2 द्वितीय वातानुकूलित कोच और 2 जनरल ब्रेक व लगेज वैन शामिल होंगी। यह सेवा पश्चिमी भारत को राजस्थान से बेहतर रेल संपर्क प्रदान करेगी और यात्रियों को अधिक सुविधा व विकल्प उपलब्ध कराएगी।

## मालदह में ट्रक से 5.5 करोड़ रुपये का ब्राउन शुगर बरामद, एक गिरफ्तार

**मालदह :** तस्करी के दौरान पत्थरों से लदे एक ट्रक से 5.5 करोड़ रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर बरामद की गई। पता चला है कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को राज्य पुलिस की एसटीएफ और गाजोल थाने की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पत्थरों से लदे एक 18 पहियों वाले ट्रक के केबिन से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर बरामद की। पुलिस ने लगभग 5.635 किलो ब्राउन शुगर जब्त की, जिसका बाजार मूल्य लगभग 5.5 करोड़ रुपये है। साथ ही, पुलिस ने तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया। आरोपी का नाम फिरोज मोमिन (32) है। वह मालदह के कालियाचक के ठाकुरपाड़ा इलाके का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन,



दोपहर में पुलिस ने सबसे पहले गाजोल के पांडुआ इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर एक संदिग्ध पत्थर से लदी लॉरी को जब्त किया। तलाशी लेने पर पुलिस को ट्रक के केबिन से काले पॉलीथीन बैग में लिपटा ब्राउन शुगर का एक पैकेट बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पत्थरों से लदा ट्रक सिलीगुड़ी से मालदह की ओर जा रहा था। पुलिस ने इस तस्करी गिरोह से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार किया है। हालांकि, गाजोल थाने की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस तस्करी गिरोह में और कौन-कौन शामिल है।

# हावड़ा में पंचायत कार्यालय के बाहर महिला प्रधान की बेरहमी से पिटाई, मचा हड़कंप



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के जगतबल्लभपुर में पंचायत कार्यालय के बाहर एक महिला प्रधान पर हुए हमले से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, जगतबल्लभपुर के बड़गाछिया एक नंबर ग्राम पंचायत की महिला प्रधान एक आपत्तिजनक वीडियो के वायरल होने के बाद पिछले एक महीने से पंचायत कार्यालय नहीं आ रही थीं। मंगलवार दोपहर जब वह पुलिस बल के साथ कार्यालय पहुंचीं, तो आरोप है कि गांववालों ने पुलिस की मौजूदगी में ही उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो वायरल होते ही बुधवार को महिला प्रधान ने दोबारा पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

बताया जा रहा है कि पिछले महीने महिला प्रधान का एक कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ था, जिसके स्क्रीनशॉट को पोस्टर बनाकर पूरे इलाके में चिपकाया गया। इस घटना के बाद उन्होंने पंचायत आना बंद कर दिया, जिससे रोजमर्रा के पंचायत कार्य जैसे रूपश्री योजना, जन्म प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र संबंधी काम ठप हो गए। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी। मंगलवार को जब प्रधान पुलिस के साथ कार्यालय पहुंचीं, तो खबर फैलते ही ग्रामीण इकट्ठा हो गए। कार्यालय से पति के साथ घर लौटते समय ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया। महिला प्रधान ने आरोप लगाया कि विधायक सीतानाथ घोष और अंचल प्रमुख की शह पर उनकी पुरानी तस्वीरें वायरल की गईं और उन्हें गैरकानूनी कामों के लिए मजबूर किया गया। जब उन्होंने मना किया, तो उन्हें हटाने की साजिश रची गई। विधायक सीतानाथ घोष ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की, जबकि बड़गाछिया अंचल अध्यक्ष मोहम्मद जाफर मोल्ला ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा : हाई कोर्ट ने नया ओबीसी पैनल बनाने का दिया आदेश

**❑ 2010 के बाद के प्रमाणपत्रों के लिए काउंसलिंग में कोई अवसर नहीं**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सरकार से पिछले वर्ष की संयुक्त प्रवेश (मेडिकल-स्नातकोत्तर) परीक्षा के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों का नया पैनल बनाने को कहा है। आरोप है कि 2024 में परीक्षा पास करने वाले कुछ अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के लिए नहीं बुलाया गया। इस संबंध में, उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया। बुधवार को न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने उस मामले में आदेश दिया कि स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा के लिए ओबीसी का नया पैनल बनाया जाए। हाई कोर्ट ने कहा कि काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया नए पैनल के अनुसार पूरी की जाएगी। हालांकि, 2010 के बाद ओबीसी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी काउंसलिंग के लिए पात्र नहीं होंगे। अदालत ने उन्हें बाहर रखते हुए एक नए परामर्श सत्र का आदेश दिया। दरअसल, हाई कोर्ट ने 2010 से राज्य में सभी ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश दिया था। इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया गया है। हालांकि, उच्च न्यायालय के फैसले पर कोई रोक नहीं है। कई लोगों ने स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए 2024 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा के संबंध में अदालत में मुकदमा दायर किया था। वादियों का कहना है कि उन्होंने लिखित परीक्षा पास कर ली है। काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए भी चयन किया गया। लेकिन अंत में, उनमें से किसी को भी काउंसलिंग के लिए नहीं बुलाया गया। इस दिन, वकील रघुनाथ चक्रवर्ती और सैकत ठाकुरता ने वादी पक्ष की ओर से अदालत में बहस की। वादी ने आरोप लगाया कि वे परामर्श प्रक्रिया में भाग लेने में असमर्थ थे। परिणामस्वरूप, उन्हें किसी भी मेडिकल कालेज में प्रवेश नहीं मिल पाता। इस बीच, 2025 के लिए प्रवेश अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति चंदा की पीठ ने राज्य के स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निदेशक को अदालत में पेश होने का आदेश दिया। अधिकारियों ने अदालत में जाकर बताया कि काउंसलिंग नहीं हो सकती, क्योंकि 2010 से सभी ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द कर दिए गए हैं। यह सुनते हुए न्यायमूर्ति चंदा ने कहा कि 2010 से पहले जारी ओबीसी प्रमाण पत्र में कोई समस्या नहीं है। ओबीसी के रूप में 66 समुदाय सूचीबद्ध हैं। उच्च न्यायालय ने उन्हें शामिल करते हुए एक नया पैनल गठित करने का आदेश दिया है।

## बाउल सम्राट पूर्ण चंद्र दास लोकसंगीत की विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बाउल सम्राट पूर्ण चंद्र दास ने बंगाली लोकसंगीत की समृद्ध परंपरा को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। बीरभूम के एक गरीब परिवार से उठकर उन्होंने बाउल सम्राट (बाउलों का सम्राट) का प्रतिष्ठित खिताब अर्जित किया। यह सम्मान उन्हें भारत के राष्ट्रपति द्वारा सीधे प्रदान किया गया था। वर्ष 2013 में, उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया, और वर्षों में उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए हैं। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, राजस्व अधिकारियों की महिला संघ (आरओडब्ल्यूए) ने कोलकाता स्थित आयकर कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आरओडब्ल्यूए की अध्यक्ष अर्चना कुमार, आयकर की प्रधान मुख्य आयुक्त एस्थर लाल रुआटकिमी, भा. रा.से, विभाग के कर्मचारीगण, और कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

## एनआईए ने बांग्लादेश सीमा से सटे मुर्शिदाबाद के दो निवासियों को भेजा नोटिस




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ती निगरानी के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जलंगी थाना क्षेत्र के दो निवासियों को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। बांग्लादेश सीमा से लगे साहेबनगर और खैरामारी गांव के इन दोनों व्यक्तियों को नोटिस जारी किए जाने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, साहेबनगर निवासी गोलाम किबरिया और खैरामारी निवासी हबीबुर रहमान को केंद्रीय एजेंसी द्वारा यह नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, नोटिस जारी किए जाने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जब मीडिया प्रतिनिधि गोलाम किबरिया के घर पहुंचे तो उनके परिवार ने बताया कि वे काम पर गए हैं और इस नोटिस की जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं, हबीबुर रहमान ने स्वयं इस बात की पुष्टि की कि उन्हें एनआईए का नोटिस मिला है, लेकिन उन्होंने भी इसके कारण को लेकर अनभिज्ञता जताई। सूत्रों का कहना है कि यह नोटिस वर्ष 2014 से जुड़े किसी पुराने मामले में पूछताछ के उद्देश्य से जारी किया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और इस कार्रवाई को उसी संदर्भ में देखा जा रहा है।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामला... पंचायत प्रधान ने पद से दिया इस्तीफा

**कोलकाता :** फर्जी जाति प्रमाणपत्र जमा करने के आरोप में कोलकाता हाई कोर्ट में मामला चल रहा है। इस बीच, पंचायत प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वाकई उन्होंने फर्जी प्रमाणपत्र जमा किया था। यह मामला उत्तर 24 परगना के छयघड़िया ग्राम पंचायत का है। हालांकि, उमा घोष ने अपने इस्तीफे का कारण शारीरिक अस्वस्थता बताया है।

जानकारी के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस की उमा घोष पंचायत चुनाव जीतकर इस ग्राम पंचायत की प्रधान बनी थीं। इसके बाद उन पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र जमा करने का आरोप लगा। उनके अलावा पूर्व और वर्तमान पांच जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी यह आरोप है। इस आधार पर कोलकाता हाई कोर्ट में मामला दायर किया गया। इसी दौरान खबर आई कि पंचायत प्रधान उमा घोष ने इस्तीफा दे दिया। ब्लॉक कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, उमा ने इस महीने की 5 तारीख को शारीरिक अस्वस्थता का हवाला देते हुए ब्लॉक कार्यालय में लिखित रूप से इस्तीफा सौंपा था। बुधवार को उन्हें बीडीओ कार्यालय में बुलाया गया था।

बंगांव के बीडीओ कृष्णेंदु घोष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पिछले साल ऑल इंडिया मतुआ महासंघ की ओर से पांच लोगों के खिलाफ फर्जी तपशिली (अनुसूचित जाति) प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया गया था। आरोप है कि छयघड़िया ग्राम पंचायत की प्रधान उमा दास घोष ने माध्यमिक परीक्षा के समय फॉर्म भरते वक्त खुद को सामान्य जाति का बताया था। लेकिन बाद में 2023 के पंचायत चुनाव में उन्होंने अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र जमा किया और प्रधान बनीं। छयघड़िया ग्राम पंचायत में कुल 23 सीटें हैं, जिनमें से 2023 के पंचायत चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 19 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद से उमा घोष प्रधान का पद संभाल रही थीं।

## साधु का वेश बनाकर महिला से ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा**

साधु के वेश में पहुंचे चार ठगों ने हावड़ा के रामेश्वर मालिया लेन स्थित एक घर में घुसकर महिला से सोने के गहने ठग लिए। मंगलवार सुबह हुई इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। चारों ठग भगवा वस्त्र, माथे पर तिलक, गले में रुद्राक्ष की माला और हाथ में देवी-देवताओं की मूर्तियां लिए हुए थे, जिससे वे साधु प्रतीत हो रहे थे। ठगों ने घर की महिला सदस्यों को धार्मिक उपदेश और भविष्यवाणियां सुनाकर प्रभावित किया। पिंटू शर्मा की पत्नी ममता देवी उनकी बातों में आ गईं और उन्होंने सोने की चेन और मंगलसूत्र उन्हें सौंप दिया। आरोपियों ने गहनों को कपड़े में लपेटकर घर के एक कोने में रखने को कहा और दावा किया कि शाम को खोलने पर गहने दोगुने हो जाएंगे। शाम को जब पोटली खोली गई, तो वह खाली निकली।

घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार ने हावड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पाया कि आरोपी हावड़ा मैदान के बंगबासी मोड़ से बस में सवार हुए थे। फुटेज के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि दक्षिणेश्वर इलाके में एक बंजारों का गिरोह साधु वेश में ठगी कर रहा है। पुलिस ने दक्षिणेश्वर पुलिस की मदद से छापेमारी कर गहने बरामद किए और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## सोने की चोरी का खुलासा: पर्नश्री पुलिस की कार्रवाई में बड़ी सफलता, चोरी के गहनों के साथ महिला गिरफ्तार



**कोलकाता :** पर्नश्री थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई एक चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। शिकायतकर्ता शंकर हलदर, निवासी 73/21 न्यू बागेश्री पाली, पर्नश्री थाना, ने 16 मई 2025 को थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उनके घर से एक सोने का कड़ा, एक जोड़ी सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने की झुमका और एक जोड़ी पायल चोरी हो गई थी।

मामले की जांच के दौरान, पुलिस ने इलाके की ही एक महिला, 48 वर्षीय मानसी भंडारी, पत्नी सुजीत भंडारी को गिरफ्तार किया। महिला की गिरफ्तारी के बाद की गई सूझबूझ भरी पूछताछ और उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक टीम बनाकर दो स्थानों – आमतला (थाना बिश्नुपुर) और सरारहाट (थाना फालता, डायमंड हार्बर पुलिस जिला) – में छापेमारी की। इन छापों के दौरान न सिर्फ शिकायतकर्ता के गहने बरामद किए गए, बल्कि करीब एक साल पहले अन्य घरों से चुराए गए गहनों का भी पता चला और उन्हें भी बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने कुल जिन आभूषणों को बरामद किया है, उनमें शामिल हैं: एक सोने जैसी दिखने वाली नेक चेन, एक नेकलेस, एक जोड़ी कंगन, एक सोने जैसा नथ (नोआ), दो सोने जैसी दिखने वाली बच्चों की अंगूठियां, एक पुरुषों की अंगूठी, दो प्रकार की सोने जैसी झुमकियां (मध्यम और बड़ी आकार की) और एक जोड़ी चांदी जैसी दिखने वाली पायल।

इन गहनों में से कुछ पुराने मामलों से संबंधित पाए गए हैं, जिनके पीड़ितों को पर्नश्री थाना द्वारा सूचना दी जा रही है ताकि वे कानूनी प्रक्रिया के तहत अपने गहने वापस ले सकें। इस पूरी कार्रवाई में पर्नश्री थाना की टीम की तत्परता और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी मानसी भंडारी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है और उसे 22 मई 2025 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

## बामर लॉरी के वित्तीय परिणामों में उल्लेखनीय वृद्धि, कंपनी ने 85% लाभांश की सिफारिश की



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मिनीरत्न-ख सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने वार्षिक और तिमाही वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इन परिणामों को 15 मई को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदन प्राप्त हुआ। चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 5.55% बढ़कर 650.92 करोड़ पहुंच गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 616.71 करोड़ थी। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के लिए कर पूर्व लाभ 112.78 करोड़ रहा और शुद्ध लाभ 81.53 करोड़ दर्ज किया गया। पूरे वित्तीय वर्ष के दौरान बामर लॉरी की कुल शुद्ध आय 2,577.63 करोड़ रही, जिसमें 7.22% की वृद्धि देखी गई। इसी अवधि में कंपनी का कर पूर्व लाभ 12.61% बढ़कर 313.79 करोड़ रहा और शुद्ध लाभ 14.41% की वृद्धि के साथ 232.80 करोड़ तक पहुंच गया। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 85% लाभांश की सिफारिश की है, जो कि पिछले वर्ष के स्तर पर ही है। यह वित्तीय प्रदर्शन कंपनी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में सशक्त प्रबंधन रणनीतियों और स्थायी विकास का परिणाम है।

## ट्रैफिक गार्ड की सफाई के लिए लालबाजार ने आवंटित किए रुपये, मलेरिया-डेंगू से बचाव को लेकर मानसून से पहले सतर्क हुई पुलिस

**❑ जिलों और कमिश्नरेट स्तर पर भी सभी थानों को साफ-सुथरा रखने का निर्देश**

**कोलकाता :** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए मलेरिया और डेंगू जैसे रोगों से बचाव के लिए कोलकाता पुलिस ने बड़ी पहल की है। लालबाजार ने शहर के सभी ट्रैफिक गार्ड और ट्रैफिक विभाग की सात शाखाओं की पूरी तरह सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए आधे करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

साफ-सफाई की यह मुहिम सिर्फ ट्रैफिक गार्ड के अंदर ही सीमित नहीं है, बल्कि उनके आस-पास के इलाके को भी कवर किया जाएगा। ट्रैफिक गार्डों के बाहर हरियाली (ग्रीनरी) और सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वहां पानी जमा न हो, जिससे मच्छरों का प्रजनन न हो पाए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, न केवल कोलकाता पुलिस, बल्कि राज्य के अन्य जिलों और पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सभी थानों को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया है। खासतौर पर उन जगहों पर जहां जब्त गाड़ियाँ लंबे समय से खड़ी रहती हैं – वहां जमा पानी से मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका रहती है। इसे रोकने के लिए थानों को विशेष रूप से सतर्क किया गया है।

पिछले समय में यह शिकायतें सामने आई थीं कि कई ट्रैफिक गार्ड को नियमित रूप से साफ नहीं किया जाता, और कुछ की स्थिति बेहद अस्वास्थ्यकर होती है। अधिकतर ट्रैफिक गार्ड के पास ही बारैक स्थित होता है, जहाँ ट्रैफिक पुलिसकर्मी विश्राम करते हैं, भोजन करते हैं, और कई बार रात भी बिताते हैं। ऐसे में यदि गार्ड का वातावरण स्वच्छ न हो, तो पुलिसकर्मियों की सेहत पर असर पड़ सकता है।

इसलिए अब ट्रैफिक गार्डों की सफाई के साथ-साथ आवश्यक मरम्मत का भी काम किया जाएगा। साथ ही, बाहर रखे अनुपयोगी सामानों को हटाकर वहां हरियाली और स्वच्छता को बढ़ावा दिया जाएगा। हालांकि इस दौरान यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि हरियाली से मच्छर या अन्य कीट-पतंगे न पनपें।

पुलिस के इस कदम से न केवल कर्मियों की सेहत बेहतर होगी, बल्कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से भी कारगर ढंग से निपटा जा सकेगा।

# कोलकाता में दो अलग-अलग जगहों से भारी मात्रा में हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार





**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में फिर हथियार बरामदगी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, महानगर में दो अलग-अलग जगहों से भारी मात्रा में हथियार बरामदगी के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से एक 7 एमएम पिस्तौल, एक देशी बंदूक और कारतूस बरामद किए गए। क्या इस हथियार के साथ मुंगेर का कोई संबंध है? पुलिस मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गत मंगलवार की रात हेस्टिंग्स थाना अंतर्गत एजेसी बोस रोड पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। युवक को गिरफ्तार करने के बाद उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 7 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और दो राउंड गोलियां बरामद हुईं। इसके बाद, पुलिस ने सद्दाम हुसैन नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी तरफ, आनंदपुर थाना क्षेत्र में भी दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि मंगलवार की रात करीब 1 बजे पुलिस ने तपसिया रोड इलाके में मोहम्मद फईम और मोहम्मद फियाज नामक दो युवकों से पूछताछ शुरू की। उनके बयानों में विरोधाभास के कारण उनकी तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा और एक राउंड गोलियां बरामद हुईं। क्या वे हथियार तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे? मामले की जांच की जा रही है।

### भरतपुर में भारी मात्रा में हथियार और बम बनाने की सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार




**मुर्शिदाबाद :** जिले के भरतपुर में पुलिस की आंख में धूल झोंककर घर के अंदर अवैध रूप से आग्नेयास्त्र और बम बनाने के लिए विस्फोटक तैयार किए जा रहे थे। पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में हथियार और बम बनाने की सामग्री बरामद की। साथ ही, एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया। आरोपी का नाम कलाम शेख है। वह भरतपुर थाना अंतर्गत सुनिया गांव का निवासी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने भरतपुर में एक घर की तलाशी के दौरान दो विदेशी हथियार समेत कारतूस और कई विस्फोटक उपकरण जब्त किए हैं। बुधवार को भरतपुर थाने में प्रेस कांफ्रेंस में कांदी उपजिला पुलिस सुरक्षा अधिकारी शसरेक अम्बरदार ने बताया कि गत मंगलवार की रात भरतपुर पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर घर की तलाशी ली और बम व विस्फोट बनाने में प्रयुक्त विभिन्न सामग्रियां और आग्नेयास्त्र बरामद किए। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस घटना का कोई अंतरराज्यीय संबंध तो नहीं है। पुलिस ने यह भी कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि इस घटना में और कौन-कौन शामिल है।

### बहरामपुर में हथियार और कारतूस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरामपुर थाना इलाके में भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए गए। इस घटना में एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित का नाम हबुल शेख है। वह बहरामपुर थाना अंतर्गत नोउदा का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार की सुबह गोपनीय सूत्रों से हथियार तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद, पुलिस ने नोउदा पानुर इलाके के रेलगेट इलाके में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस को उस समय संदेह हुआ जब उन्होंने एक व्यक्ति को बाइक से आते देखा। बाइक जब्त करने के बाद तलाशी शुरू हुई। तलाशी में सात 7 मिमी पिस्तौल, 13 मैगजीन और 10 राउंड गोलियां मिलीं। इसके बाद, एक युवक को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह मुंगेर से हथियार खरीदकर मुर्शिदाबाद के जलांगी जाने वाला था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मजीद खान ने बताया कि प्रत्येक पिस्तौल 35-36 हजार रुपये में बेची जाती थी। बताया गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति को आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जाएगा।

## अब हज निरीक्षकों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार के आरोप, नौशाद सिद्दीकी ने जांच के लिए खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाजा

**बिना परीक्षा दिए कई लोगों को हज निरीक्षक के रूप में नियुक्त करने का आरोप**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में अब हज निरीक्षकों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। राज्य में इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) प्रमुख व पार्टी के एकमात्र विधायक नौशाद सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि जिस तरह शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार हुआ है, उसी तरह राज्य में हज निरीक्षकों की नियुक्ति में भी भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने इस मामले की जांच के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया है। केंद्र सरकार से भी शिकायत की है। उन्होंवे कहा कि देश के हर राज्य से तीर्थयात्री हज पर जाते हैं। नियमों के अनुसार 150 हज यात्रियों पर एक निरीक्षक नियुक्त किया जाता है। सरकार द्वारा इच्छुक सरकारी कर्मचारियों से आवेदन करने को कहा गया जाता है। आवेदन के बाद लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है। लिखित परीक्षा पास करने वाले छात्र प्रशिक्षण के लिए मुंबई जाते हैं। मूलत: दो दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यदि आवश्यक हो तो यह अधिक भी हो सकता है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही उन्हें निरीक्षक के रूप में हज यात्रियों की देखभाल करने का अवसर मिलता है। लेकिन नौशाद की शिकायत है कि कई लोगों को बिना परीक्षा दिए या प्रशिक्षण लिए ही निरीक्षक नियुक्त कर दिया गया है। प्रशिक्षित और योग्य उम्मीदवारों को इससे बाहर रखा गया है। नौशाद ने बताया कि इस वर्ष बंगाल से लगभग 5,400 तीर्थयात्री हज पर जा रहे हैं। उन्होंने इस भ्रष्टाचार के बारे में केंद्रीय हज समिति, भारत सरकार में अल्पसंख्यक मंत्री को भी सूचित किया। लेकिन वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नौशाद ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## हावड़ा मंडल की शताब्दी में चंदननगर की ऐतिहासिक और रेलवे धरोहर को मिला सम्मान



**हावड़ा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चंदननगर की सांस्कृतिक और रेलवे विरासत को विशेष रूप से याद किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक शहर, जो कभी चंदननगर के नाम से जाना जाता था, हुगली नदी के किनारे बसा हुआ है और बंगाल में फ्रांसीसी उपनिवेश का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। वर्ष 1673 में फ्रांसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा स्थापित यह क्षेत्र 1688 में स्थायी बस्ती बना और 1757 की पलासी की लड़ाई के बाद ब्रिटिश अधीन हो गया। हालांकि, 1763 में यह पेरिस संधि के तहत फ्रांस को वापस मिला और 1950 में भारत को सौंपे जाने के बाद 1954 में पश्चिम बंगाल का हिस्सा बना। चंदननगर रेलवे इतिहास में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। 1854 में हावड़ा-हुगली रेलवे लाइन से जुड़े इस स्टेशन ने पूर्व भारत के रेलवे नेटवर्क के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह हावड़ा, वर्दवान और अन्य गंतव्यों के बीच आवागमन के लिए एक प्रमुख स्टेशन रहा है, जो आज भी लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों की सेवा प्रदान करता है।

वर्तमान में, चंदननगर रेलवे स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत आधुनिक रूप देने का कार्य जारी है। इस योजना के तहत यात्री सुविधाएं, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाया जा रहा है, विशेष रूप से जगधात्री पूजा के दौरान यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए। चंदननगर का अतीत और वर्तमान, हावड़ा मंडल की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है- जहां विरासत, प्रगति और आधुनिकता एक साथ चलती हैं।

### चाय बोर्ड ने मनाया अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में चाय बोर्ड ने बुधवार को प्रचार अभियान आयोजित कर 'अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस' मनाया। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि भारत की समृद्ध चाय विरासत को नमन।चाय बोर्ड ने महानगर के विभिन्न स्थानों पर भारत की चाय ब्रांड को प्रदर्शित करने वाली मोबाइल वैन के माध्यम से एक विशेष प्रचार अभियान चलाया। कार्यक्रम में चाय की चुस्की के साथ ही भारतीय चाय के नमूनों का निशुल्क वितरण भी किया गया। बयान में कहा गया कि बोर्ड ने 'इंडिया टी वॉकथॉन' की भी शुरुआत की और सोशल मीडिया एवं डिजिटल मीडिया के माध्यम से अन्य प्रचार गतिविधियों का भी आयोजन किया।

### भारत के छोटे कारोबारियों के लिए 'टाइड' बना डिजिटल साथी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के छोटे कारोबार अब डिजिटल युग में कदम रख रहे हैं और इसमें उनकी मदद कर रहा है एकीकृत बिजनेस मैनेजमेंट ऐप टाइड। हावड़ा की हार्डवेयर दुकान से लेकर खड़गपुर के ट्यूशन सेंटर तक, उद्यमी अब टाइड के जरिए अपने वित्त, दस्तावेज, भुगतान और बिजनेस एडमिन को एक ही प्लेटफॉर्म से प्रबंधित कर पा रहे हैं। भारत के एमएसएमई अब उद्यम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, जीएसटी आवेदन, डिजिटल पेमेंट, फिक्स्ड डिपॉजिट और लोन सुविधाएं कुछ ही मिनटों में ऐप के जरिए पा रहे हैं। टाइड का सरल और सहज इंटरफेस पहली बार स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले कारोबारियों के लिए भी अनुकूल है। टाइड इंडिया के सीईओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा, एमएसएमई भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और टाइड उन्हें तेज, आसान और स्मार्ट समाधान देकर सशक्त बना रहा है।

# परेशानी का कारण है जोड़ों का दर्द



नीतू गुप्ता

**श**रीर के किसी भी भाग में दर्द मनुष्य को परेशान कर देता है और परेशानी का कारण बन जाता है। कभी-कभी तो दर्द इतना परेशान कर देता है कि पेनकिलर दो-तीन तक लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दर्द भी कई प्रकार के होते हैं जैसे चोट लगने पर दर्द, नसों में दर्द, सूजन होने पर दर्द और बहुत बार दर्द ऐसा होता है जो डाक्टर भी नहीं समझ पाते। ऐसे दर्द को डिसफंक्शनल पेन कहते हैं। यह शरीर के किसी भी भाग में अचानक तेजी से उठता है। बड़ी उम्र में ज्यादातर जोड़ों का दर्द परेशान करता है। आइए जानें जोड़ों के दर्द की वजह:-

- कम तापमान में अधिक समय तक रहने से जोड़ों का दर्द परेशान करता है।
- वजन बढ़ने पर।
- लगातार ड्राइव करने पर।
- अधिक नर्म गद्दे पर सोने से।
- गलत तरीके से लेटने, उठने,चलने और बैठने से।
- तनाव में रहने से और हड़बड़ी से काम करने पर।
- व्यायाम न करने से।
- एक स्थान पर खड़े होकर काम करने से या बैठ कर काम करने से।
- चोट लगने पर।
- लगातार मोबाइल पर बात करते हुए साथ-साथ काम करने पर।
- अधिक साफ्ट ड्रिंक्स लेने पर और अधिक जंक फूड खाने पर।
- सख्त और मोटा तकिया गर्दन पर लगाने से।
- शरीर में कैल्शियम या विटामिन डी की कमी होने पर।

जब भी दर्द की शुरूआत हो, उसे नजरअंदाज न करें। नजरअंदाज करने से दर्द वही टिक जाता है और फिर आसानी से ठीक भी नहीं होता। जोड़ों का दर्द आमतौर पर उन जगहों पर होता है जो अंग आसानी से मुड़ते हैं जैसे कलाई, कोहनी, घुटना, कमर, गर्दन, उंगलियां आदि। जब कभी दर्द वाली जगह पर सूजन हो तो कुछ दिन तक व्यायाम न करें। ठीक होने पर व्यायाम पुनः प्रारंभ करें। अपने जोड़ों को मोड़ते हुए व्यायाम करें ताकि जोड़ों में अकड़न न आए।

अक्सर डाक्टर पेनकिलर को कम करने के लिए पैरासिटामोल 500 एमजी लेने की सलाह देते हैं। वैसे उनका कहना है कि पेनकिलर से दर्द खत्म नहीं होता, मात्रा कुछ समय के लिए दब जाता है। अधिक दर्द होने पर दिन में पैरासिटामोल 6 से 8 घंटे के अंतराल में दो बार ले सकते हैं। पेनकिलर किडनी पर दुष्प्रभाव डालते हैं।

पेनकिलर स्प्रे, जेल, दर्दनाशक तेल आदि दर्द को थोड़ी राहत देने में मदद करते हैं। ये कोई स्थाई इलाज नहीं हैं। जेल, क्रीम, स्प्रे लगा कर उस स्थान को कपड़े से ढक दें ताकि उस स्थान को गर्मी मिल सके। इन्हें लगाकर अधिक रगड़ें नहीं। इससे जलन बढ़ जाएगी। दर्दनाशक तेल या किसी भी तेल से उस हिस्से की हल्के हाथ से मालिश करने से नसें रिलैक्स होती हैं और दर्द में कुछ समय के लिए राहत भी मिलती है।

डाक्टर से दर्द होने पर अवश्य परामर्श करें। जब दर्द के साथ सूजन और लाली हो या तेज दर्द के साथ बुखार भी हो तो तुरंत डाक्टर को दिखाएं। पैर मुड़ने पर, सोते हुए गर्दन, कमर में दर्द होने पर फिजियोथेरपिस्ट से मिलें। कई बार टिश्यू इंजरी होने पर चलने फिरने, हिलने डुलने पर दर्द होने पर भी फिजियोथेरपिस्ट को दिखाएं। उचित तरीके से थेरेपी लें। बीच में अपनी मर्जी से थेरेपी बंद न करें। इन चीजों को ठीक होने में थोड़ा समय लगता है। बाद में उसके बताए व्यायाम करें।

### घुटना दर्द में सावधानी बरतें:-

- जमीन पर बैठने से बचें। जमीन पर बैठने और उठने से घुटनों और कमर में दबाव बढ़ता है।
- सीढ़ियां चढ़ने उतरने से बचें। लिफ्ट का प्रयोग करें।
- पालथी मारकर न बैठें, न ही पैर या पैर या घुटने पर घुटना रखकर बैठें।
- व्यायाम, योग विशेषज्ञ की देखरेख में करें।
- दर्द होने पर डाक्टर के बताए व्यायाम ही करें। अपनी मर्जी या किसी के कहने पर न चलें।
- ठंड से स्वयं को बचा कर रखें। ठंडे स्थान पर न जाएं।
- ऊंची हील पहनने से टखने, घुटने, एड़ी, कमर और पिंडलियां प्रभावित होती हैं। ऊंची हील पहनने से बचें।
- आफिस में प्रत्येक एक घंटे के अंतराल बाद सीट से उठकर वाशरूम जाएं या हल्का टहलें ताकि शरीर में हरकत बनी रहे। हो सके तो बाडी को थोड़ा स्ट्रेच कर लें।
- 15-20 मिनट से ज्यादा एक पोजीशन में न बैठें, 5-10 मिनट से ज्यादा एक स्थान पर खड़े न हों।
- रसोई में अधिक देर का काम हो तो ऊंचा स्टूल या बॉर चेयर रसोई में रखें ताकि बीच में उस पर बैठ सकें।
- दर्द होने पर डाक्टर एक फार्मूला बताते हैं जिसे राइस कहा जाता है जिसको सही प्रयोग में लाकर आप दर्द से राहत पा सकते हैं। आर का अर्थ रेस्ट यानी आराम जैसे घुटनों में दर्द होने पर घुटने मोड़े नहीं, जमीन पर न बैठें, कमर दर्द होने पर आगे न झुकें, झुककर काम न करें। शरीर को एक दो दिन तक पूरा आराम दें। धीरे धीरे सक्रिय हों।

आई का अर्थ है आंइस यानी बर्फ से सिंकाई करना। दर्द वाली जगह पर दिन में दो बार बर्फ या कोल्ड पैड से सिंकाई करें।

सी का अर्थ कम्प्रेशन यानी उस भाग को बांध कर रखें। इसका प्रयोग अधिकतर घुटने, कोहनी आदि के दर्द में कर सकते हैं। बैंडेज अधिक टाइट या लूज न बांधें।

ई का अर्थ एलिवेशन यानी थोड़ा ऊपर उठा कर रखना। पैर दर्द में रात्रि में सोते समय पैरों की तरफ कंबल, तकिया रखें ताकि पैर और घुटना थोड़ा ऊपर रहें।

कमर दर्द होने पर कमर के नीचे पतला तकिया, तौलिया, पतली चादर को फोल्ड कर सुविधानुसार रखें। (स्वा.द.)

# पानी अनुपम औषधि है



कमलेश रानी

**पा**नी जीवन का एक अनिवार्य तत्व है। पानी शरीर का भोजन भी है और औषधि भी है। प्यासे के लिए पानी अमृत है। पानी जीवन है।।

पानी में अनेक रोगों के निवारण की शक्ति निहित है इसीलिए प्राकृतिक चिकित्स-।शास्त्रा में मिट्टी पानी के इलाज पर काफी जोर दिया जाता है। पानी सर्व-सुलभ उत्तम दवा है। जलने की दशा में जले हुए भाग को तुरंत थोड़ी देर के लिए पानी में डुबोये रखने से फफोले नहीं पड़ते और जलन भी मिट जाती है। जले को ठीक करने में पानी बहुत कारगर औषधि सिद्ध होता है।

ठण्डे पानी की पट्टी तीव्र ज्वर को उतारने में सहायक होती है। बुखार में अधिक पानी पीना अच्छा रहता है। अधिक पानी पीने से मूत्रा रोग होने की संभावना नहीं रहती। पानी गुर्दे को स्वच्छ और क्रियाशील बनाता है जिससे पथरी बनने की संभावना समाप्त हो जाती है।

पानी पेट के रोगों को दूर करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्याप्त पानी का सेवन करने वालों को प्रायः कब्ज का रोग नहीं होता। प्रातः काल तांबे के पात्रा में रखा हुआ पानी नियमित पीने से उदर के रोग मिटते हैं और मानसिक शान्ति प्राप्त होती है। प्रातः काल कुनकुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर नियमित पीने से जहां कब्ज से छुटकारा मिलता है, वहीं त्वचा में निखार आता है।

गर्मी के दिनों में पेट में समुचित पानी की मात्रा रहने से लू लगने की संभावना नहीं रहती। गर्मियों में पानी की कमी से डिहाइडेऋशन की बीमारी होने का खतरा अधिक रहता है। उल्टी, दस्त होने पर पानी की पर्याप्त मात्रा शरीर में पहुंचनी चाहिए, इसीलिए उल्टी-दस्त में जीवन रक्षक घोल देने का आग्रह किया जाता है जिससे पानी की आवश्यक मात्रा शरीर में बनी रहे।

गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को शिशु और अपने स्वास्थ्य की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। फलों का जूस और दूध आदि 3-4 बार लेना ऐसी महिलाओं के लिए फायदेमंद रहता है। इन तरल पदार्थों से भी पानी की पर्याप्त मात्रा उनके शरीर में पहुंच जाती है।

पानी ऐसी औषधि है जिसका सेवन करने के साथ बाह्य उपयोग भी किया जाता है। श्रम की थकान से पैरों में होने वाले दर्द को नमक पड़े गर्म पानी से दूर किया जा सकता है। टब में नमक मिला हल्का गर्म पानी भरकर थोड़ी देर उसमें पैर डुबोने से पैरों के दर्द में राहत मिलती है। आंख में कुछ गिर जाने पर पानी की सहायता से उसे निकाला जा सकता है। नियमित स्नान करने से शरीर के छिद्र खुल जाते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है।

प्राकृतिक चिकित्सा में पानी जल नेति, कुंजर, एनीमा आदि क्रियाओं में प्रयोग किया जाता है। इन क्रियाओं से पानी द्वारा अंदर के अंगों को शुद्ध किया जाता है। शरीर की बाह्य और आंतरिक शुद्धता ही स्वास्थ्य की पहली शर्त है। पानी इस शुद्धता का आधार है। (स्वा.द.)

# गरमी में लें पूरी ताजगी

शिखा चौधरी

**यूं** तो गरमी का मौसम तेज धूप, गरम हवा एवं हीट स्ट्रोक का संग्रह है किंतु कई ऐसी चीजें भी हैं जो इस मौसम को खुशनुमा बना सकती हैं। जूस, कूल शेक्स, ठंडे पेय पदार्थ एवं सलाद आदि के साथ कुछ फल जैसे कि आम, आड़ू, आलू-बुखारा, खरबूजा व तरबूज आदि से गरमी में काफी राहत मिलती है।

गरमियों में हमारे शरीर से अधिक पसीना निकलने के कारण शरीर में सोडियम की कमी हो जाती है। ऐसे में पानी के अतिरिक्त ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करना स्वाद के साथ-साथ हमारी सेहत के लिए फायदेमंद रहता है। बाजारू कोल्ड ड्रिंक अधिक मात्रा में पीते रहने से मोटापा बढ़ता है। बाकी ठंडे पेय पदार्थ इतना नुकसान नहीं पहुंचाते बल्कि वे आपकी गरमी को कम करते हैं। आप घर में ही स्वादिष्ट पेय पदार्थ बनाकर अपने मेन्यू को स्वादिष्ट एवं फायदेमंद बना सकती हैं।

गरमी के मौसम में खुद को बिलकुल फिट रखना है तो जूस और फ्रूट शेक एकदम सही हैं। ये सेहत भी बढ़ाते हैं और स्वाद भी। बेल, नींबू पानी, चना-सत्तू, आम पना, जीरे व हींग से बनी लस्सी, नारियल पानी, खीरा व पुदीने का सूप, ठंडाई आदि अच्छे ठंडे पेय पदार्थ हैं। हमारे पारंपरिक पेय पदार्थ जैसे कि चना-सत्तू एवं छाछ आदि में ज्यादा इलेक्ट्रोलाइट्स एवं मिनरल आदि होते हैं एवं मिनरल आदि होते हैं।



पानी से बेहतर तो गरमियों में कुछ है ही नहीं। पानी हमारे शरीर को रिहाइडेऋट करता है इसलिए गरमी में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। पानी के अलावा कुछ अन्य ठंडे पेय पदार्थ जैसे ठंडे सूप, ताजे फलों का रस गरमी में ताजगी प्रदान करते हैं। चुटकी भर नमक, काला नमक एवं चाट मसाले के साथ तो इनका सेवन स्वाद तो बढ़ाता ही है बल्कि पेट के लिए भी फायदेमंद रहता है। इसके अलावा हरी चाय, जीरा, धनिया-पानी आदि गरमी तो कम करते ही हैं, साथ ही वजन भी कम करते हैं। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी गरमियों में कम हो जाती है। इस मौसम में हमारा शरीर बीमारियों से लड़ने में कमजोर हो जाता है। इसलिए अपने खान-पान पर ध्यान देना और भी जरूरी हो जाता है। ऐसे में हरी सब्जियां जैसे पालक, नींबू, धनिया, घीया व लहसुन का सेवन लाभकारी होता है। ये सभी एंटी-आक्सीडेंट होते हैं जिससे सभी तरह के मिनरल, विटामिन एवं पानी की पूर्ति हो जाती है।

खीरा, तरबूज, खरबूजा, संतरा, मौसमी शहतूत आदि कुछ ऐसे फल हैं जो शरीर को गरमी के मौसम में राहत देते हैं। इनका प्रयोग चाट, सलाद सूप या चटनी आदि में करके अपने भोजन में शामिल किया जा सकता है। गरमियों में अधिक तले-भुने एवं मसालेदार मिर्च वाले भोजन से परहेज करें।

### ठंडे व हेल्दी पदार्थ

**पुदीना:-** अच्छी खुशबू एवं फ्लेवर के लिए इसको जाना जाता है किन्तु पेट व पाचन क्रिया के लिए इसका महत्त्व और भी बढ़ जाता है। पुदीने वाली चाय से ताजगी मिलती है। इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है एवं पाचनक्रिया सही रहती है।

**बेल:-** गरमियों में न सिर्फ लू से बचाता है बल्कि भूख भी बढ़ाता है। यह पाचन-क्रिया के लिए बेहद फायदेमंद है। बेल में 60 प्रतिशत पानी होता है जो कि गरमी की मार से बचाने में बेहद सहायक है। इसके अलावा इसमें विटामिन-बी काम्पलेक्स, आयरन, कैल्शियम एवं फॉस्फोरस भी होता है।

**कच्चा आम:-** यह स्वाद में तो खट्टा होता है किंतु इसमें विटामिन सी प्रचुर मात्रा में होता है। यह भूख भी बढ़ाता है और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है।

**नींबू:-** यह भी स्वाद में खट्टा होता है किंतु विटामिन सी का सबसे अच्छा स्रोत है। यह एक अच्छा एंटी-आक्सीडेंट भी है।

**तरबूज:-** यह विटामिन सी एवं विटामिन ए का स्रोत है। यह अस्थमा, डायबिटीज, आर्थराइटिस आदि रोगों में लाभकारी है। यह कोलेस्ट्रॉल फ्री होता है। इसमें 90 प्रतिशत जल की मात्रा होती है। इसलिए इसे गरमियों में सबसे ज्यादा फायदेमंद कहा जाता है।

**नारियल पानी:-** यह कोलेस्ट्रोल फ्री एवं कम वसायुक्त होता है। इसमें विटामिन बी एवं एस्कॉर्बिक एसिड काफी मात्रा में होता है। शरीर में मिनरल्स की पूर्ति करता है। शरीर को ठंडक देता है। शरीर से विषैले पदार्थ बाहर निकालता है। त्वचा को भी सुंदर बनाता है। है न कितना फायदेमंद। (स्वा.द.)

# गुणकारी है सब्जियों के रस का सेवन

सुदर्शन चौधरी

**ता**जे फलों और सब्जियों के रस शरीर में रक्त की शुद्धि और शरीर को ऊर्जा देने में सहायक होते हैं। जब भी रस पिएं, ध्यान दें कि सब्जियां और फल ताजे होने चाहिए। रस के आवश्यक पदार्थ रक्त द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों में शीघ्रता से पहुंच जाते हैं और शरीर को स्वस्थ रखते हैं। हर सब्जी व फल का रस शरीर को अलग ढंग से लाभ पहुंचाता है।

**गाजर का रसः-** गाजर के रस में विटामिन 'ए' प्रचुर मात्रा में मिलता है। उसके अतिरिक्त इसमें फोलिक एसिड विटामिन बी व ऑयरन मिलता है। गाजर का रस स्वाद में भी अच्छा होता है। सर्दियों में इसका सेवन नियमित करना चाहिए।

**पालक का रसः-** पालक का रस आंतों की सफाई के लिए बहुत अच्छा होता है। पालक के रस में विटामिन ई की मात्रा प्रचुर होती है। इसे गाजर के रस के साथ मिलाकर भी पिया जा सकता है। कब्ज की शिकायत होने पर ताजी पालक का रस लाभ पहुंचाता है। गर्भवती, स्तनपान करने वाली स्त्रियों के लिए पालक का रस बहुत गुणकारी होता है। पथरी के रोगियों को इसका सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के नहीं करना चाहिए।

**शलजम का रसः-** शलजम फल और पत्तियां दोनों ही स्वांस्थ्य के लिए लाभप्रद हैं। शलजम में विटामिन 'सी' और कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है। कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा होने के कारण शलजम दांतों और हड्डियों के लिए लाभप्रद होता है। शलजम का स्वाद हल्का सा खारा होने के कारण नींबू के रस के साथ मिलाकर लेना चाहिए। शलजम का रस नियमित लेने से खांसी में भी आराम मिलता है।

**टमाटर का रसः-** टमाटर में विटामिन 'डी', 'ई', कैल्शियम, पोटाशियम और खनिज आदि काफी मात्रा में होते हैं। टमाटर का रस शरीर की पाचन क्रिया और रक्त संबंधी समस्याओं को दूर करता है। अधिक खट्टे टमाटर का रस अकेले न लें। उसमें मौसमानुसार गाजर व पालक मिला कर लेना चाहिए। गाजर व पालक का रस मिलाकर पीने से खून की कमी भी दूर होती है। बच्चों के विकास के लिए टमाटर का लाभप्रद होता है। गुर्दे में पथरी वाले रोगियों को टमाटर का रस डॉक्टरी सलाह के अनुसार ही लेना चाहिए।



**खीरे ककड़ी का रसः-** खीरे-ककड़ी का रस गुर्दे व मूत्राशय की बीमारियों के लिए गुणकारी होता है। खीरे, ककड़ी के रस के सेवन से पेशाब अधिक बनता है। खीरा-ककड़ी त्वचा के लिए उत्तम माने जाते हैं। इसका सेवन कच्चा खाकर भी किया जा सकता है और रस पीकर भी।

**बंदगोभी का रसः-** बंदगोभी का रस वजन कम करने में सहायक होता है। रक्त को शुद्ध करने और मांसपेशियों के निर्माण में भी बंद गोभी का रस सहायक होता है। इसमें विटामिन 'सी' काफी मात्रा में होता है। इसका रस मसूड़ों की बीमारी में भी लाभ पहुंचाता है।

रस पीने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। रस ताजा निकाल कर उसी समय पीना चाहिए। निकाल कर रखा हुआ रस न पिएं। रस निकालने से पहले बर्तन को अच्छी तरह साफ कर लें। रस निकालने वाली सब्जियों को अच्छी तरह धोकर नमक वाले पानी में एक घंटे तक भिंगोए ताकि अगर उनमें कीड़े हो तो मर जाएं। ध्यान रखें सब्जियां ताजी व साफ सुथरी हों। गली-सड़ी सब्जियों का रस लाभ के स्थान पर नुक्सान पहुंचाता है। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

सीतेश कुमार द्विवेदी

## डायरिया से आंखें हो रही है खराब

**द**स्त एवं कुपोषण का प्रभाव अब शरीर के अन्य अंगों पर भी पड़ने लगा है। इस से शरीर में विटामिन 'ए' की कमी होती जा रही है जिसके चलते आंखें कमजोर हो रही हैं एवं मरीज अंधेपन का शिकार हो रहा है। इसके शिकार गरीब बच्चे अधिक हो रहे हैं। आंखों को बचाने के लिए दस्त/डायरिया पीड़ित बच्चे को 7-8 बार दस्त के बाद विटामिन ए जरूर देना चाहिए ताकि इसकी कमी से उसके आंखों के कार्निया को नुकसान न पहुंचे।

विटामिन 'ए' की कमी से कार्निया कमजोर एवं संक्रमित हो जाता है, अतः दस्त पीड़ित बच्चे को 7-8 बार दस्त हो जाने के बाद 24 घंटे के भीतर विटामिन ए का इंजेक्शन देना चाहिए। 48 घंटे के बाद दूसरा एवं दो हफ्ते के बाद विटामिन ए का इंजेशन लगाना चाहिए, तब कहीं जाकर बच्चे के शरीर में विटामिन ए की कमी पूरी हो पाती है और दस्त पीड़ित बच्चे की आंखें सुरक्षित रहती हैं। यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो इन सेंटरों के चक्कर में न पडें. और केवल खानपान नियत्रांण, हल्का व्यायाम, नियमित लंबी सैर और योग के द्वारा ही वजन को धीरे-धीरे कम करने का प्रयास करें। कहीं ऐसा न हो कि वजन कम करते-करते किसी अन्य बीमारी को दावत दे बैठें।

## दूध पीने से तेज होता है दिमाग

**न**वजात शिशु के लिए मां का दूध सर्वश्रेष्ठ होता है। मां के बाद बढ़ते बच्चे के लिए गाय का दूध उपयुक्त होता है। गाय का दूध सभी मरीजों के लिए उपयुक्त होता है। इसका उपयोग कोलेस्ट्राल पीड़ित या हृदय रोगी भी कर सकते हैं। वैसे सभी के दूध की अपनी अपनी विशेषता है।

पढ़ते एवं बढ़ते बच्चे के लिए दूध बहुत काम का होता है। यह पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण खानपान के पोषक तत्वों की कमी को दूर करता है।

नए वैज्ञानिक शोध के मुताबिक दूध पीने से दिमागी ताकत बढ़ जाती है। इससे किसी भी उम्र के व्यक्ति का मानसिक कौशल बेहतर हो जाता है। दैनिक एक गिलास दूध पीने से दिमागी ताकत और प्रदर्शन और भी अच्छा हो जाता है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम से स्मरण शक्ति अच्छी होती है। इससे दिल की बीमारियों एवं बीपी से राहत मिलती है।

## युवा दिलों को खतरा बढ़ा

**आ**धुनिकता के कारण आजादी बढ़ी, जीवनशैली एवं खानपान बदल गया। साथ ही अनियमितता बढ़ गई जिससे युवा दिलों की कमजोरियां बढ़ी और दिल पर बीमारियों का खतरा बढ़ गया। अब बीस वर्ष की आयु में भी हार्ट प्राब्लम्स होने लगी हैं। आज 20 प्रतिशत भारतीय दिल के रोगी हैं जिसमें युवा भी शामिल हैं। देश में जो 40 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, उनमें से तीस प्रतिशत दिल के रोगी बन गए हैं। यहां सालाना 1.73 करोड़ लोग दिल के दौरों के कारण मर रहे हैं।

अब समय आ गया है कि भारतीय सेहत के मामले में सचेत हों। दिनचर्या सुधारें। व्यवस्थित रखें। काम करें। श्रम व्यायाम करें। मोटापा, बीपी, शुगर जैसी बीमारियों से बचें। भौतिक संसाधनों का मोह त्यागें, धूम्रपान नशापान बंद करें। दिल एवं तन मन को बचाएं अन्यथा अल्पायु, असमय, असामयिक मौत के लिए तैयार रहें।

## बीमारियों से बचाती हैं खाद्य वनस्पतियां

**दु**नियां भर में संक्रामक रोगों की तुलना में गैर संक्रामक रोगों के कारण 63 प्रतिशत लोगों की मौत होती है। हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह, मोटापा आदि जैसे कारणों से ये मौतें होती हैं। ये बीमारियां मामूली पोषक तत्वों की कमी के कारण होती हैं। पोषक तत्व हमें खाद्य वनस्पतियों के माध्यम से मिल सकते हैं।

इनकी पूर्ति काली मिर्च, दालचीनी, लहसुन, प्याज, मसूर, जैतून कद्दू अजवाइन, सिंघाड़ा, कमलनाल आदि हैं। से सभी वनस्पतियां हमें बाजार में बड़ी सरलता से मिल जाती हैं। इनके सेवन से आनुवंशिक एवं जैविक कारणों से होने वाली बीमारियां नियंत्रित हो जाती हैं। हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह, मोटापा आदि हमें आनुवंशिक एवं जैविक कारणों से हो सकती हैं। इन्हें खाद्य वनस्पतियों जैसे काली मिर्च, दालचीनी, लहसुन, प्याज, मसूर, जैतून, कद्दू, अजवाइन सिंघाड़ा, कमलनाल, आदि को भोजन में शामिल कर रोक सकते हैं।

## पेट व मुख शुद्धि करती, इलायची

**सु**गंधित वस्तु इलायची से सभी परिचित हैं। इसे बहुत लोग भोजन के बाद या पान के साथ खाना पसंद करते हैं। इलायची दो प्रकार की होती है जैसे छोटी इलायची, बड़ी इलायची। वैसे यह मसालों की श्रेणी में हैं। छोटी इलायची भोजन के सुगंध एवं स्वाद को बढ़ाती है। इसका उपयोग दूध, चाय, काफी या मीठे पदार्थों में अधिकतर किया जाता है जबकि बड़ी इलायची का उपयोग खानपान में अन्य मसालों के साथ किया जाता है। यह भी स्वाद एवं सुगंध बढ़ाने में सहायक है। बड़ी इलायची का उपयोग पुलाव, सब्जी एवं नमकीन चीजों में किया जाता है। इलायची सभी रूप में मुख एवं पेट को शुद्ध करने की क्षमता रखती है। इसके सेवन से गले की तकलीफ दूर होती है। यह पाचक का काम करती है। छोटी इलायची पेट के अम्ल को दूर करती है।

## रक्तचाप की दवा नियमित खाएं

**ह**मारे देश में अब भी ऐसे रक्तचाप के रोगी हैं जो रक्तचाप की दवा नियमित खाने में कोताही कर जाते हैं। पिछले दिनों हुए मस्तिष्क आघात के मामलों में यह पाया गया कि अधिकतर ऐसे लोगों को आघात हुआ जो रक्तचाप की दवा लेने में कोताही बरत जाते थे।

डॉक्टर हर रक्तचाप के रोगी को नियमपूर्वक दवाई लेने को कहते हैं किंतु कई रोगी या तो नियमित दवा नहीं लेते या होम्योपैथी या आयुर्वेदिक दवाओं से रक्तचाप कम करना चाहते हैं। ऐसे रोगी प्रायः रक्तचाप की जांच करवाने में भी सुस्ती बरत जाते हैं। मस्तिष्क आघात के बाद बहुत से रोगियों को लकवे की समस्या हो जाती है जिससे उन्हें काफी समय बिस्तर पर बिताना पड़ता है। अतः रक्तचाप के रोगियों को किसी भी हालत में दवाई लेने में सुस्ती नहीं बरतनी चाहिए। अपने रक्तचाप की जांच भी नियमित कराते रहना चाहिए।

## दांतों के एक्सरे से ब्रेन ट्यूमर संभव

**दां**तों के इलाज में एक्सरे के उपयोग का प्रचलन बढ़ गया है। सिर शरीर का सबसे संवेदनशील जटिल अंग है। इस पर अधिक एक्सरे का दुष्प्रभाव जल्द दिखने लगता है। यह ब्रेन ट्यूमर के खतरे को डेढ़ गुना बढ़ा देता है। येल विश्वविद्यालय में इस विषय में किया गया शोध जो कैंसर पत्रिका में प्रकाशित है उसका निष्कर्ष यही कहता है।

## गर्भवती के खानपान से बच्चा बनता है बुद्धिमान

**ग**र्भकाल के खानपान का प्रभाव गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क विकास पर पड़ता है। गर्भकाल में गर्भवती के द्वारा ओमेगा एसिड वाले खाद्य पदार्थ खाने से बच्चा आगे चलकर तेज दिमाग वाला होता है। यह ओमेगा थ्री एसिड मछली के अलावा, पत्तेदार सब्जियों, अखरोट एवं अलसी आदि में मिलता है।

इस विषय में शोधकर्ता अमेरिकन एकेडमी ऑफ पेडियाट्रिक्स के मुताबिक मछली, हरी पत्तेदार सब्जियां, अखरोट, अलसी में मौजूद ओमेगा एसिड से गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क विकास पूर्ण होता है, जिससे बच्चा तेज दिमाग वाला होता है। इससे शिशु का मस्तिष्क एवं हड्डी मजबूत बनता है। शोधकर्ता सप्ताह में एक बार गर्भवती को सीमित मात्रा में मछली खाने की सलाह देते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शेरों की संख्या बढ़ने पर खुशी प्रकट की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में शेरों की संख्या बढ़ने पर बुधवार को खुशी प्रकट करते हुए कहा कि 'शेर परियोजना' ने इस जानवर के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की। वह गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा 'एक्स' पर किये गये उस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने (पटेल ने) कहा था कि राज्य में शेरों की संख्या बढ़कर 891 हो गई है। मोदी ने कहा, ''यह बहुत उत्साहवर्धक जानकारी है। यह जानकर खुशी हुई कि शेर परियोजना के तहत किए जा रहे प्रयासों से उन्हें (शेरों को) अनुकूल वातावरण मिल रहा है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।''

### इंदौर के संगठन का फैसला: चीन और बांग्लादेश में बने कपड़े बेचे तो 1.11 लाख रुपये जुर्माना

**इंदौर :** मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर के एक कारोबारी संगठन ने बुधवार को घोषणा की कि अगर उसके किसी सदस्य दुकानदार ने चीन और बांग्लादेश में बने कपड़े बेचे, तो उससे 1.11 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। 'इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष अक्षय जैन ने संवाददाताओं से कहा, ''हमारे संगठन का मानना है कि चीन और बांग्लादेश में बने कपड़ों का कारोबार भारतीय हितों के खिलाफ है। इसलिए हमने तय किया है कि अगर हमारा कोई सदस्य दुकानदार इन पड़ोसी देशों में बने कपड़े बेचता पाया गया, तो उससे 1.11 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।'' उन्होंने कहा कि इस जुर्माने के तहत स्थानीय दुकानदारों से वसूली गई राशि भारतीय सेना के लिए केंद्र सरकार के कोष में जमा की जाएगी। जैन ने कहा कि उनका संगठन भारत में तैयार कपड़े बेचकर स्वदेशी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने बताया कि अब तक शहर के 600 कारोबारियों ने इस संकल्प को अपनी सहमति दी है कि वे चीन और बांग्लादेश में बने कपड़े नहीं बेचेंगे।

### मणिपुर सरकार ने बस से राज्य का नाम हटाने के आरोपों की जांच के लिए समिति गठित की

**गुवाहाटी :** मणिपुर सरकार ने 'शिरुई लिली' पर्यटन महोत्सव में पत्रकारों को ले जा रही बस से राज्य का नाम हटाने के आरोपों की जांच के लिए बुधवार को दो सदस्यीय समिति का गठन किया। आरोप है कि सुरक्षाबलों ने मंगलवार को पर्यटन महोत्सव को कवर करने के लिए पत्रकारों को ले जा रही सरकारी बस को रोका तथा सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय (डीआईपीआर) के कर्मचारियों को विंडशील्ड पर लिखे राज्य के नाम को सफेद कागज से छिपाने के लिए मजबूर किया। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि समिति 20 मई को ग्वालटाबी जांच चौकी के पास हुई घटना से जुड़े तथ्यों की परिस्थितियों की जांच करेगी। इसमें कहा गया, ''अगर कोई चूक हुई है तो समिति उसकी जांच करेगी और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय सुझाएगी।'' आदेश के मुताबिक, आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार और सचिव टीएच किरण कुमार सिंह की सदस्यता वाली समिति को 15 दिन में अपनी रिपोर्ट देने को कहा है।

### रेलवे ने प्रधानमंत्री के अमृत भारत कार्यक्रम से पहले सभी जोन और डिवीजन से खुदाई कार्य रोकने को कहा

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम से पहले सभी जोन और डिवीजन को खुदाई का काम रोकने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री 22 मई को राजस्थान से देशभर में 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। यह परिपत्र 21 और 22 मई की तिथियों के लिए है, और ये आदेश इसलिए जारी किए गए हैं क्योंकि इन कार्यों से कार्यक्रम के लिए आवश्यक ऑप्टिकल फाइबर संचार प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो सकती है। बीस मई के परिपत्र में कहा गया है, ''माननीय प्रधानमंत्री उत्तर पश्चिम रेलवे के देशनोक और पलाना स्टेशनों पर उपस्थित रहेंगे, जबकि जोनल रेलवे के अन्य स्टेशनों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जोड़ा जाएगा।''

# असम : पाकिस्तान यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री हिंमत और कांग्रेस नेता गोगोई के बीच वाकयुद्ध जारी



**डेरगांव (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा अपनी पाकिस्तान यात्रा की तुलना लालकृष्ण आडवाणी जैसे भाजपा के दिग्गजों की यात्रा से किया जाना ''सेब और संतरे'' की तुलना करने जैसा है। गोगोई ने पलटवार करते हुए दावा किया कि मुख्यमंत्री ''निराधार व्यक्तिगत हमले, राजनीतिक नाटक और दुष्प्रचार'' का सहारा ले रहे हैं। गोगोई ने कहा कि 2014 में पहली बार लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद से उन्होंने सभी आधिकारिक प्रोटोकॉल का पालन किया है। गोगोई ने पाकिस्तान की अपनी यात्रा के खिलाफ शर्मा द्वारा की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा था कि भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी पूर्व में पड़ोसी देश का दौरा कर चुके हैं। शर्मा और भाजपा लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई पर आरोप लगाते रहे हैं कि उनके और उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न के पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई से संबंध हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को आरोप लगाया था कि गोगोई पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे, उन्होंने वहां प्रशिक्षण लिया था और पड़ोसी देश के प्रतिष्ठान के साथ निकटता से काम किया। गोगोई ने अपनी पाकिस्तान यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि लालकृष्ण आडवाणी, नरेन्द्र मोदी और जसवंत सिंह सहित कई भाजपा नेता भी उस देश का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को उनकी पाकिस्तान यात्रा के बारे में पूरी जानकारी थी। गोगोई ने कहा कि उन्होंने अपने पासपोर्ट की प्रति भी जमा कराई थी और उनकी यात्रा के बारे में छिपाने जैसा कुछ भी नहीं था। शर्मा ने बुधवार को गोलाघाट जिले के डेरगांव में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जसवंत सिंह हों, एल के आडवाणी हों या नरेन्द्र मोदी हों। वे सार्वजनिक रूप से सरकारी दायित्व के तहत गए।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''वह (गोगोई) इतने वरिष्ठ सांसद हैं, पार्टी के उपनेता हैं, संसद में मणिपुर के बारे में इतना बोलते हैं और उनके जैसा व्यक्ति सेब और संतरे में अंतर नहीं कर सकता।'' शर्मा ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच चर्चा के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्री एक-दूसरे के देश का दौरा करते हैं।

## दिल्ली में तेज आंधी और बारिश से सड़क परिवहन और हवाई यातायात प्रभावित



**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में दिनभर गर्मी और उमस के बाद बुधवार देर शाम 79 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए, जलभराव हुआ और यातायात जाम हो गया। दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन प्रभावित हुआ, जबकि येलो लाइन पर मेट्रो यात्री घंटों फंसे रहे। इंडिगो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली, चंडीगढ़ और कोलकाता में भारी बारिश और गरज-चमक के कारण हमारी उड़ान का समय प्रभावित हुआ है। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बारिश और गरज-चमक के कारण आज शाम दिल्ली से आने-जाने वाली उड़ानें बाधित हो सकती हैं। स्पाइसजेट ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में खराब मौसम (भारी बारिश के साथ गरज-चमक) के कारण सभी आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राजधानी के कई हिस्सों में तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चली। शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग ने हवा की गति 79 किमी प्रति घंटा दर्ज की, जबकि पालम में 74 किमी प्रति घंटा, प्रगति मैदान में 78 किमी प्रति घंटा और पीतमपुरा में 65 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। शाम 5: 30 बजे से 8: 30 बजे के बीच तीन घंटों में सफदरजंग में 12.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## पांच राज्यों व बांग्लादेश में 34,000 निवेशकों को ठगने के आरोप में मां-बेटी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर :** ओडिशा पुलिस ने चिटफंड के जरिए पांच राज्यों और बांग्लादेश में करीब 34,000 लोगों को ठगने के आरोप में कोलकाता से एक महिला और उसकी बेटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा से जुड़ी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को सॉल्ट लेक से द्विपिका भंजो और उसकी बेटी तंद्रा भंजो को गिरफ्तार किया और ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर ले कर आई। इस मामले में द्वीपिका के पति तुषार भंजो को जून 2024 में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में है। ईओडब्ल्यू ने भुवनेश्वर स्थित एक निवेशक की शिकायत मिलने के बाद पिछले साल 28 मई को हरित कृषि निधि लिमिटेड और ट्रांसविजन ड्रीम मल्टी ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड तथा दोनों कंपनियों के निदेशक तुषार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (क्राइम ब्रांच) विनयतोष मिश्रा ने कहा कि तुषार ने 2023 में हरित कृषि निधि लिमिटेड की स्थापना की थी और इसे पश्चिम बंगाल में शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि लेकिन निधि नियमों का उल्लंघन करते हुए उसने अन्य राज्यों में कार्यालय खोले और ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बांग्लादेश से भी, लगभग 34,000 निवेशकों से 123 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की।

## चंद्रयान की सफलता का श्रेय कस्तूरीरंगन के शानदार प्रयासों को जाता है: किरण कुमार

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख एएस किरण कुमार ने कहा है कि चंद्रयान को आज जो सफलता मिल रही है, वह के कस्तूरीरंगन के शानदार प्रयासों का नतीजा है। कुमार 2015 से 2018 तक इसरो के अध्यक्ष रहे थे। इसरो के पूर्व प्रमुख कस्तूरीरंगन के सहयोगी कुमार ने कहा कि वह उन्हें 50 वर्षों से अधिक समय से जानते थे। उन्होंने बताया कि उन दिनों अंतरिक्ष मिशन के बारे में सरकार को समझाना आसान काम नहीं था। कुमार ने बुधवार को कस्तूरीरंगन के साथ बिताए दिनों को याद करते हुए कहा कि इसके लिए वैज्ञानिक और तकनीकी संगठनों के बीच बहुत अधिक समन्वय की आवश्यकता थी और उन्होंने बहुत ही कुशलता से ऐसे परिदृश्य और परिस्थितियां बनाईं जहां लोग एक साथ आए और इस बारे में बात की। कुमार ने यह भी जिक्र किया कि कैसे कस्तूरीरंगन दीर्घकालिक सोच रखते थे। उन्होंने कहा कि जब भारत तकनीकी पहलुओं में आगे बढ़ रहा था, वैज्ञानिक अक्सर अलग-थलग होकर काम कर रहे थे। कुमार ने कहा, ''कस्तूरीरंगन में सभी को साथ लाने और उन्हें एक साझा लक्ष्य की ओर काम करने के लिए प्रेरित करने की क्षमता थी। यह कोई मामूली काम नहीं है। हम अब उनकी जबरदस्त क्षमताओं का फल देख रहे हैं। वह न केवल एक विचार को जन्म देने में सक्षम थे, बल्कि उसे कार्यान्वित करने और उसे सफल बनाने में भी सक्षम थे।'' कस्तूरीरंगन के सम्मान में एक कार्यक्रम रमन अनुसंधान संस्थान (आरआरआई) में आयोजित किया गया, जिसका आयोजन आरआरआई ट्रस्ट और भारतीय विज्ञान अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुमार समेत भारतीय शिक्षा, विज्ञान, शिक्षा और नीति निर्माण जगत के 20 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की और अपनी यादें साझा कीं।

## दिल्ली में ताप सूचकांक 50.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में गर्मी और आर्द्रता के बढ़ते स्तर के बीच बुधवार को ''ऐसा अनुभव'' किया गया कि तापमान 50.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक था, जबकि दिन में आर्द्रता 64 से 34 प्रतिशत के बीच रही। 'ताप सूचकांक' यह मापता है कि वास्तविक वायु तापमान में सापेक्ष आर्द्रता को शामिल करने पर वास्तव में कितनी गर्मी महसूस होती है। 'ताप सूचकांक' को प्रत्यक्ष या ''महसूस होने वाला'' तापमान भी कहा जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इसकी गणना एक सूत्र का उपयोग करके की जाती है, जिसमें वायु तापमान और सापेक्ष आर्द्रता दोनों को ध्यान में रखा जाता है। इस बीच, राजधानी में इस मौसम का अब तक का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक है।

## गोवा में 26 मई तक भारी बारिश का अनुमान, सरकार ने लोगों से झरनों से दूर रहने की अपील की

**पणजी :** गोवा में लगातार दूसरे दिन बुधवार को बारिश हुयी और मौसम विभाग ने 26 मई तक भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। साथ ही, सरकार ने प्रसिद्ध दूधसागर झरने के पास लोगों के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसे स्थानों व उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान का हवाला देते हुए गोवा के वन मंत्री विश्वजीत राणे ने एक बयान में कहा, ''प्रतिकूल मौसम के मद्देनजर हम सभी निवासियों और आगंतुकों से अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हैं।'' उन्होंने लोगों से ''झरनों और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में जाने से'' बचने की अपील की। उन्होंने कहा, ''दूधसागर झरने पर आगंतुकों का जाना प्रतिबंधित कर दिया है। कृपया अन्य झरनों में जाने से बचें, क्योंकि वे तेज बहाव और फिसलन वाले इलाकों के कारण खतरनाक हैं।'' आईएमडी के अनुसार, गोवा में 21 मई से 26 मई के बीच बारिश होने का अनुमान है वहीं कुछ स्थानों पर ''भारी से बहुत भारी'' बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा, ''21 मई को गोवा में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। 21 से 23 मई के दौरान गोवा में गरज के साथ बूंदाबांदी, आकाशीय बिजली गिरने और 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने के साथ हल्की/मध्यम बारिश होने का अनुमान है।''

## सोनिया गांधी ने एजेएल अधिग्रहण में खुद को और बेटे को लाभ पहुंचाने के लिए पद का 'दुरुपयोग' किया: ईडी

**नयी दिल्ली :** माना जाता है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में दाखिल अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने यंग इंडियन (वाईआई) कंपनी के माध्यम से सार्वजनिक धन को अपने उपयोग के लिए परिवर्तित कर खुद को और अपने पुत्र राहुल गांधी को लाभ पहुंचाने के वास्ते तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अपने पद का ''दुरुपयोग'' किया। सूत्रों ने आरोपपत्र के हवाले से 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दोनों नेताओं ने कुछ साल पहले इस मामले में अपने बयान दर्ज कराने के दौरान संघीय जांच एजेंसी से कहा था कि उन्हें यंग इंडियन और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) में चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी नहीं थी। समझा जाता है कि सोनिया और राहुल ने एजेंसी को बताया है कि इन सभी मामलों की देखरेख दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा करते थे, क्योंकि उन्हें प्रशासनिक और वित्तीय मामलों से निपटने का अधिकार दिया गया था। आरोपपत्र नौ अप्रैल को दाखिल किया गया था और स्थानीय अदालत ने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया है। ईडी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दाखिल आरोपपत्र में पांच अन्य लोगों के अलावा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी (78) को आरोपी नंबर-1 और उनके बेटे राहुल गांधी (54) को आरोपी नंबर-2 के रूप में नामित किया है। नेशनल हेराल्ड मामला यंग इंडियन के बड़े शेयरधारकों (सोनिया गांधी और राहुल गांधी) द्वारा एजेएल की संपत्तियों को अवैध रूप से प्राप्त करने के लिए कथित साजिश से संबंधित है। एजेएल, नेशनल हेराल्ड समाचार मंच (समाचार पत्र और वेब पोर्टल) का प्रकाशक है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। समझा जाता है कि आरोपपत्र में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी ने यंग इंडियन द्वारा एजेएल का अधिग्रहण करके अपने और अपने बेटे राहुल गांधी के ''व्यक्तिगत लाभ'' के लिए तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष (2010-11) के रूप में अपने पद का ''दुरुपयोग'' किया।

## खगोल वैज्ञानिक जयंत नारलीकर का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया



**पुणे :** प्रख्यात खगोल वैज्ञानिक डॉ जयंत नारलीकर का यहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। शहर स्थित वैकुंठ श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने यहां इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) में डॉ. नारलीकर के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस संस्थान की स्थापना नारलीकर ने ही की थी। पद्म विभूषण से सम्मानित नारलीकर (86) का मंगलवार सुबह निधन हो गया था। विज्ञान, कला, संगीत और साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग नारलीकर को अंतिम श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

## मोदी सरकार राज्य सरकारों को बाधित करने के लिए कर रही है राज्यपाल पद का दुरुपयोग : राहुल



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उच्चतम न्यायालय को भेजे गए एक संदर्भ पत्र को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार निर्वाचित राज्य सरकारों की आवाज दबाने और उन्हें बाधित करने के लिए राज्यपाल पद का दुरुपयोग कर रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने पिछले दिनों दुर्लभ स्थितियों में इस्तेमाल किए जाने वाले संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए उच्चतम न्यायालय से पूछा कि क्या राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति के विचार के लिए न्यायिक आदेश के जरिये समय-सीमा निर्धारित की जा सकती है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसको लेकर गत 16 मई को केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर स्टालिन के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए आरोप लगाया, ''भारत की ताकत इसकी विविधता में निहित है - राज्यों का संघ, प्रत्येक की अपनी आवाज। मोदी सरकार उन आवाज को दबाने और निर्वाचित राज्य सरकारों को बाधित करने के लिए राज्यपाल पद का दुरुपयोग कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''यह संघवाद पर एक खतरनाक हमला है और इसका विरोध किया जाना चाहिए।''

## कर्नाटक: विजयपुरा जिले में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**विजयपुरा (कर्नाटक) :** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में बुधवार सुबह 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) और एक निजी बस के बीच टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई एवं 10 वर्षीय एक बालक घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान बैंक प्रबंधक टी भास्करन मणिकांथन (36), उनकी पत्नी पवित्रा (34), उनके बेटे अभिराम (14) और बेटी ज्योत्स्ना (12) के रूप में हुई है। ये सभी तेलंगाना के गादीवाल के निवासी थे और एसयूवी से यात्रा कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि इस हादसे में एसयूवी चालक विकास मकानी और बस चालक बसवराज राठौड़ की भी जान चली गयी। पुलिस के अनुसार मणिकांथन का छोटा बेटा प्रवीण तेज गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि यह हादसा बसवाना बागेवाड़ी तालुका में मनागुली गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 50 पर हुआ। विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) लक्ष्मण निम्बार्गी के अनुसार, सोलापुर की ओर जा रही एक महिंद्रा एसयूवी-300 अनियंत्रित होकर सड़क का डिवाइडर पार कर गयी और मुंबई से बल्लारी आ रही एक निजी बस से टकरा गई।

## सांसदों को ऐसे देशों में भेजा गया जिनका भारत-पाक मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं: संजय राउत



**मुंबई :** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने बुधवार को दावा किया कि केंद्र ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सांसदों के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को कई ऐसे देशों की यात्रा करने के लिए भेजा है जिनका भारत-पाकिस्तान मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ''वास्तविकता के बजाय दिखावे'' में रुचि रखती है। एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से बातचीत में राउत ने सवालिया अंदाज में कहा, ''उन देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने की क्या ज़रूरत है जिनका भारत और पाकिस्तान के मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है? लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन जैसे देशों का चयन गंभीर सवाल खड़े करता है।'' वह कल्याण से शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल का जिक्र कर रहे थे, जो बुधवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना हुआ और उसके कुछ अफ्रीकी देशों की यात्रा करने की भी संभावना है। राउत ने दावा किया कि इस कदम के पीछे का समय और इरादा बताता है कि इसमें रणनीतिक स्पष्टता का अभाव है। राउत ने कहा, ''जिस तरह से इन प्रतिनिधिमंडलों को भेजा जा रहा है, वह सही नहीं है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष से कोई भू-राजनीतिक संबंध न रखने वाले देशों को चुना जा रहा है, जो दर्शाता है कि सरकार की वास्तविकता में नहीं बल्कि दिखावे में ज़्यादा दिलचस्पी है। राज्यसभा सदस्य ने इस बात पर जोर दिया कि मोदी सरकार 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद गंभीर कूटनीतिक भागीदारी के बजाय वैश्विक प्रभाव पैदा करने के साधन के रूप में विदेश यात्राओं का इस्तेमाल कर रही है।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए एक बार संविधान संशोधन की जरूरत : शिवराज



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि देश भर में एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में एक बार संशोधन जरूरी है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से शासन में बाधा आ रही है और सार्वजनिक व्यय बढ़ रहा है। चौहान ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में विद्यार्थियों और बुद्धिजीवियों के साथ इस विषय पर आयोजित संवाद में कहा, ''...'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए और हमें संवैधानिक संशोधन लाकर इसे अंजाम देना चाहिए।'' उन्होंने तर्क दिया कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासनिक मशीनरी दोनों का कामकाज बाधित होता है, जिससे दीर्घकालिक नीतिगत निर्णय लेने के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है। चौहान ने कहा, ''वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को किसी भी राज्य में पर्यवेक्षक के रूप में भेज दिया जाता है, जहां चुनाव होते हैं। मंत्रियों से लेकर प्रधानमंत्री तक, हर कोई लगातार चुनावी मोड में रहता है।'' मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए चौहान ने कहा कि पहले विधानसभा चुनाव और फिर संसदीय चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण सितंबर 2023 तथा जून 2024 के बीच कोई महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य नहीं हो पाया। उन्होंने कहा, ''कोई भी नयी योजना शुरू नहीं हो पाती और सरकारी अधिकारी भी चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों का हवाला देकर काम धीमा कर देते हैं।'' चौहान ने कहा कि गणतंत्र के प्रारंभिक वर्षों (1952, 1957, 1962 और 1967) में एक साथ चुनाव कराना एक आदर्श व्यवस्था थी, लेकिन राज्य सरकारों में राजनीतिक अस्थिरता के कारण यह व्यवस्था बाधित हो गई। उन्होंने कहा, ''यदि कुछ राज्यों में चुनाव पहले या विलंबित करके एक बार चुनाव कराए जाएं तो हम उस प्रणाली पर वापस लौट सकते हैं।'' मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारी पार्टी पूरे साल चुनाव लड़ने में सक्षम है, लेकिन राष्ट्रीय हित पहले आता है। यह किसी एक पार्टी को लाभ पहुंचाने के बारे में नहीं है। यह बेहतर शासन सुनिश्चित करने और प्रणाली पर बोझ कम करने के बारे में है।'' चौहान ने भारत के सभ्यतागत लोकाचार की सराहना करते हुए कहा, ''केवल सीमित ज्ञान वाले लोग ही कहते हैं कि 'यह मेरा है, वह तुम्हारा है'। हमारी सभ्यता सिखाती है कि विश्व एक परिवार है।''

## भारत ने 2024 में 18,200 हेक्टेयर प्राथमिक वन गंवाए : जीडब्ल्यूएफ

**नयी दिल्ली :** भारत में 2024 में 18,200 हेक्टेयर प्राथमिक वन नष्ट हो गए, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 17,700 हेक्टेयर था। यह बात 'ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच' (जीएफडब्ल्यू) के आंकड़ों में कही गई। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच में 100 से अधिक संगठन वैश्विक सहयोग के तहत मिलकर काम करते हैं। जीएफडब्लू ने कहा कि देश में 2002 से 2024 के बीच 3,48,000 हेक्टेयर आर्द्र प्राथमिक वन नष्ट हो गए जो देश के कुल आर्द्र प्राथमिक वन का लगभग 5.4 प्रतिशत है। यह इसी अवधि के दौरान भारत के कुल वनों वाले क्षेत्र के नुकसान का 15 प्रतिशत है। वर्ष 2019 और 2024 के बीच, भारत में 1,03,000 हेक्टेयर (1.6 प्रतिशत) आर्द्र प्राथमिक वन नष्ट हो गए, जो उन वर्षों में कुल वृक्ष आवरण हानि का 14 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि देश ने 2022 में 16,900 हेक्टेयर, 2021 में 18,300 हेक्टेयर, 2020 में 17,000 हेक्टेयर और 2019 में 14,500 हेक्टेयर आर्द्र प्राथमिक वन गंवाए। प्राथमिक वन वे पुराने, घने और प्राकृतिक वर्षावन होते हैं जो अब तक पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और जिन्हें हाल के वर्षों में कृत्रिम रूप से फिर से नहीं उगाया गया है। वर्ष 2001 से अब तक भारत में 23.10 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो इस अवधि के दौरान वृक्षावरण में 7.1 प्रतिशत की कमी तथा 1.29 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य उत्सर्जन के बराबर है। हालांकि, 2000 से 2020 तक भारत में 17.8 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र बढ़ा भी, जो कुल वैश्विक वृद्धि का लगभग 1.4 प्रतिशत था। वर्ष 2001 से 2024 के बीच असम में सबसे ज़्यादा 3,40,000 हेक्टेयर क्षेत्र में पेड़ नष्ट हुए, जो राष्ट्रीय औसत 67,900 हेक्टेयर से बहुत अधिक है। मिजोरम में 3,34,000 हेक्टेयर, नगालैंड में 2,69,000 हेक्टेयर, मणिपुर में 2,55,000 हेक्टेयर और मेघालय में 2,43,000 हेक्टेयर क्षेत्र में पेड़ खत्म हुए। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, 2015 से 2020 के बीच भारत में वनों की कटाई की दर दुनिया में दूसरी सबसे अधिक थी। प्रति वर्ष लगभग 6,68,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र नष्ट हो रहा है।

# मुंबई प्लेऑफ में पहुंची, दिल्ली को 59 रन से हराया

## सूर्यकुमार का अर्धशतक, बुमराह और सैंटनर के तीन तीन विकेट

**मुंबई :** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव (नाबाद 73 रन) के अर्धशतक के बाद मिचेल सैंटनर और जसप्रीत बुमराह के तीन तीन विकेट की बदौलत बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मुकाबले में दिल्ली कैपिट्स को 59 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बन गई। गुजरात टाइटन्स (18), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (17), पंजाब किंग्स (17) पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं। मुंबई इंडियंस के इस जीत से 16 अंक हो गए जिससे उसने 11वीं बार नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया। दिल्ली कैपिटल्स (13) की टीम बाहर हो गई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार के अर्धशतक और अंत में नमन धीर (नाबाद 24 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 21 गेंद में उनकी नाबाद 57 रन की साझेदारी से धीमी पिच पर पांच विकेट पर 180 रन बनाने में सफल रही। दिल्ली कैपिटल्स ने पा-वरप्ले में 49 रन के स्कोर तक तीन



विकेट गंवा दिए थे और पूरी टीम 18.2 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। मुंबई इंडियंस के लिए स्पिनर सैंटनर ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन जबकि तेज गेंदबाज बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, विल जैक्स और कर्ण शर्मा ने एक एक विकेट प्राप्त किए। दिल्ली ने दूसरे ओवर में कार्यवाहक कप्तान फाफ डुप्लेसी (06), तीसरे ओवर में केएल राहुल (11 रन) और पांचवें ओवर में अभिषेक पोरेल (06) के विकेट सस्ते में गंवा दिए। फिर समीर रिज्वी (39) एक छोर पर टिककर खेले लेकिन दूसरे छोर पर विप्रज निगम (20) और ट्रिस्टन स्टब्स (02) के आउट होने से टीम ने 10 ओवर में पांच विकेट खो दिए थे। 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर समीर भी पवेलियन लौट गए जिन्हें सैंटनर ने बोल्ड किया और दो गेंद बाद आशुतोष शर्मा (18 रन) भी स्टंप आउट हो गए। इससे पहले सूर्यकुमार ने 43 गेंद की बेहतरीन नाबाद पारी खेली जिसमें सात चौके और चार छक्के जड़े थे। उनके अलावा तिलक वर्मा ने 27 रन और रेयान रिकलटन ने 25 रन का योगदान दिया। नमन ने अंत में आठ गेंद में दो चौके और इतने ही छक्के से नाबाद 24 रन का योगदान दिया। वानखेड़े स्टेडियम की असामान्य पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न था। दिल्ली कैपिटल्स के लिए स्पिनरों में कुलदीप यादव ने 25 रन देकर एक विकेट झटका जबकि विप्रज निगम ने 25 रन दिए और कोई विकेट हासिल नहीं कर पाए। मुकेश कुमार ने 48 रन देकर दो विकेट चटकाए। सूर्यकुमार ने अपनी टीम के लिए दो अहम सा-झेदारियां करके लड़खड़ाती पारी को संवारा। दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनरों के दबदबे के बावजूद सूर्यकुमार ने पहले तिलक वर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन जोड़े और अंत में नमन के साथ 21 गेंद में पर 57 रन बनाए।

## विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाजी सिमरनजीत कौर पेशेवर बनीं

**नयी दिल्ली :** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत कौर पेशेवर बनने वाले भारतीय मुक्केबाजों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। एशियाई चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता 29 साल की सिमरनजीत ने तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज रॉय जोन्स जूनियर और भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा से अनुबंध करके पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ने का फैसला किया। मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 65 किग्रा वर्ग में उप विजेता रहीं सिमरनजीत इस साल पेशेवर बनने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता निशांत देव और अमित पंघाल पेशेवर सर्किट से जुड़ चुके हैं। इससे पहले 2008 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह, विकास कृष्ण, सरिता देवी और नीरज गोयत भी पेशेवर बन चुके हैं।

# मलेशिया मास्टर्स : प्रणय, करूणाकरन, श्रीकांत जीते, सिंधू बाहर

**कुआलालम्पुर :** भारत के एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत समेत पुरूष खिलाड़ियों ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरूआत की लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। अब उनका सामना जापान के युशी तनाका से होगा। वहीं सतीश करूणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को 21-13, 21-14 से मात दी। अब वह फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से खेलेंगे। भारत के आयुष शेट्टी ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20- 22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता का सामना फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। बाद में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने चीन के छठी रैंकिंग वाले लू गुआंग को 21-21, 13-21, 21-11 से हराया। गुंटूर के 32 साल के खिलाड़ी का सामना



आयरलैंड के नहाट एनगुएन से होगा। वहीं दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से 15-21, 17-21 से हारकर बाहर हो गए। सिंधू का खराब फॉर्म हालांकि जारी रहा और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन थुए लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गई। सिंधू के अलावा तीन अन्य महिला खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, आकर्षि कश्यप और मालविका बंसोड भी अपने पहले दौर का मैच हार गईं। मालविका को चीनी ताइपे की चियू पिन चियान से 21-19, 18-21, 8-21 से, आकर्षि को इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 9-21, 8-21 से जबकि उन्नति को चीनी ताइपे की लिन सियांग टि से 12-21, 20-22 से पराजय मिली। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने इंडोनेशिया के अदनान मौलाना और इंडाह काहया सारी जमील को 21-18, 15-21, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जियांग झेंग बांग और वेइ याशिन ने 21-10, 21-12 से हराया। रोहन कपूर और रूत्विका शिवानी गाड्डे को चौथी वरीयता प्राप्त चीन की गुओ शिन वा और चेन फांग हुइ ने 21-10, 21-14 से मात दी।

## गुजरात टाइटंस की टीम प्ले ऑफ में बटलर की गौरमौजूदगी से चिंतित नहीं, वेड ने कहा

**अहमदाबाद :** सहायक कोच मैथ्यू वेड को लगता है कि नॉकआउट चरण में जोस बटलर की अनुपस्थिति गुजरात टाइटन्स के मध्यक्रम की कमजोरियों को उजागर कर सकती है लेकिन यह अन्य खिलाड़ियों के लिए 'बड़ा प्रभाव' डालने का अवसर भी होगा। साई सुदर्शन, शुभमन गिल और बटलर की टाइटन्स की शीर्ष क्रम की तिकड़ी ने उनके अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीनों ने इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाए हैं। गुजरात की टीम को हालांकि प्ले ऑफ में बटलर की सेवाएं नहीं मिलेगी क्योंकि इंग्लैंड का यह क्रिकेटर 25 मई को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम के अंतिम लीग मैच के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़े के लिए रवाना हो जाएगा। वेड ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'यह निश्चित रूप से हमें चिंतित नहीं करता है, हम जानते हैं कि जब उन्हें अवसर मिलता है तो वे शानदार फॉर्म में होते हैं और वे हमारे लिए शानदार प्रदर्शन करेंगे।' उन्होंने कहा, 'अगर शीर्ष तीन बल्लेबाज अधिकतर रन बनाते रहें तो यह अच्छा रहेगा। हम कुछ और मुकाबलों के बाद जोस को खो देंगे इसलिए किसी और को तीसरे नंबर पर आकर उस भूमिका को संभालने का एक और मौका मिलेगा।' वेड ने कहा, 'लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि जब उन्हें (वैकल्पिक खिलाड़ियों को)मौका मिलेगा, तो वे मैचों में बड़ा प्रभाव डालेंगे जैसा कि उन्होंने पिछले छह या आठ हफ्तों में जरूरत पड़ने पर किया है।

## वोक्स, फ्लिंटॉफ के बेटे को भारत 'ए' के खिलाफ श्रृंखला के लिए इंग्लैंड लॉयन्स टीम में जगह मिली

**लंदन :** पूर्व स्टार क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के 17 वर्षीय बेटे रॉकी और फिट हो चुके तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को बुधवार को भारत 'ए' के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले चार दिवसीय दो मैच के लिए इंग्लैंड लॉयन्स टीम में शामिल किया गया। श्रृंखला की शुरुआत 30 मई को कैंटरबरी में होगी जबकि दूसरा मैच छह जून से नॉर्थम्पटन में खेला जाएगा। भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट की श्रृंखला से पहले लाल गेंद के ये दो मैच खेले जाएंगे। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में भी 'ए' टीम का हिस्सा रहे रॉकी ने पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। निचले क्रम के इस बल्लेबाज ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश के खिलाफ शानदार शतक बनाया था।

## केकेआर ने टूर्नामेंट के बीच में आईपीएल खेलने की शर्तों में बदलाव पर सवाल उठाया

**नयी दिल्ली :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टूर्नामेंट के बीच में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेल की शर्तों में बदलाव करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले पर, विशेषकर मैच पूरा करने के लिए समय बढ़ाने पर सवाल उठाया है। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने पीटीआई को पुष्टि की कि उन्होंने आईपीएल के मुख्य परिचालन अधिकारी हेमंग अमीन को एक पत्र भेजा है जिसमें एक पूर्ण मैच पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय को 60 मिनट से बढ़ाकर 120 मिनट करने के बोर्ड के फैसले पर सवाल उठाया गया है। मैसूर ने 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच को देखते हुए अमीन को पत्र लिखा है क्योंकि इससे प्ले-ऑफ में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गई थी। मैसूर को लगता है कि उस रात 120 मिनट के अतिरिक्त समय के बाद कम से कम पांच-पांच ओवर का मुकाबला हो सकता था। इसी दिन भारत-पाकिस्तान विवाद के कारण एक सप्ताह के लिए निलंबित आईपीएल फिर से शुरू हुआ था। मंगलवार को प्ले-ऑफ के लिए आईपीएल कार्यक्रम की घोषणा करने के अलावा बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के बचे हुए मैचों के लिए अतिरिक्त समय को बढ़ाकर 120 मिनट करने का भी फैसला किया। आम तौर पर ऐसा प्रावधान प्ले-ऑफ के लिए होता है लेकिन देश के कुछ हिस्सों में मानसून के कारण यह अपवाद बनाया गया है।

# कनक को जूनियर विश्व कप में एयर पिस्टल का स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली :** हरियाणा की उभरती हुई निशानेबाज कनक ने बुधवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शीर्ष पर रहकर भारत का स्वर्ण पदक का खाता खोला। पिछले साल लीमा में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता 17 वर्षीय कनक ने आठ महिलाओं के 24 शॉट के फाइनल में 239.0 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपियन तथा मौजूदा यूरोपीय चैंपियन मोल्दोवा की अन्ना डुल्स को 1.7 अंक से पछाड़ा। चीनी ताइपे की चेन येन-चिंग ने कांस्य पदक जीता। भारत की दो भारतीय निशानेबाजों ने इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें प्राची 571



अंक जुटाकर कनक (572 अंक) के पीछे पांचवें स्थान पर रहीं। इसके बाद कनक ने इस स्तर पर अपना अनुभव दिखाया और फाइनल के अंतिम चरण कई मौकों पर 10 से अधिक अंक जुटाकर आसानी से जीत हासिल की। मैच के बाद कनक ने कहा, 'शुरुआत में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाई।' प्राची फाइनल में शुरुआत से ही शीर्ष तीन में बनी हुई थी और पदक की दावेदार दिख रही थी। प्राची ने हालांकि इसके बाद 8.6 अंक का खराब निशाना लगाया जबकि कनक ने 10.5 अंक के साथ बढ़त बना ली। प्राची के पीछे छूटने के बाद कनक ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। उन्होंने अपने अंतित शॉट में 9.4 अंक जुटाए जो उनके कोच को खुश नहीं करेगा लेकिन तब तक स्वर्ण पदक उनकी झोली में आ चुका था।

# समाज्ञा व्यापार

## न्यूज ब्रीफ

### वित्त मंत्री सीतारमण से मिले एनएसई प्रमुख

**नयी दिल्ली :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस मुलाकात में चौहान ने कहा कि एक्सचेंज वित्त मंत्री के संकल्प और मिशन में मददगार बनने और योगदान देने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है। एनएसई प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में वित्त मंत्री के नेतृत्व और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के प्रति समर्पण के लिए आभार और अटूट समर्थन जताया।

### इंडिगो जुलाई में मैनचेस्टर, एम्स्टर्डम के लिए उड़ानें शुरू करेगी

**नयी दिल्ली :** एयरलाइन कंपनी इंडिगो जुलाई में पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 विमानों के साथ मुंबई से मैनचेस्टर और एम्स्टर्डम के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी। ब्रिटेन के इस शहर के लिए उड़ान सेवा के साथ एयरलाइन की लंबी दूरी की उड़ानों की भी शुरुआत होगी। बुधवार को जारी बयान के अनुसार, अपने बेड़े के साथ-साथ विदेशी संपर्क का विस्तार कर रही एयरलाइन एक जुलाई से मुंबई-मैनचेस्टर (ब्रिटेन) उड़ान और दो जुलाई से मुंबई-एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) सेवा शुरू करेगी। दोनों सेवाएं सप्ताह में तीन बार संचालित की जाएंगी। इंडिगो ने कहा कि यह मैनचेस्टर की उड़ान के साथ भारत और उत्तरी ब्रिटेन के बीच सीधा संपर्क प्रदान करने वाली एकमात्र एयरलाइन होगी। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि लंबी दूरी की उड़ान इंडिगो की वैश्विक विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा, हम मुंबई को मैनचेस्टर से जोड़ने वाली अपनी पहली लंबी दूरी की सेवा शुरू करने पर बहुत गर्व और उत्साहित महसूस कर रहे हैं। यह कई मायनों में एक बहुत ही खास मार्ग है। आम तौर पर, लंबी दूरी की उड़ानों की अवधि कम से कम नौ घंटे होती है।

# शेयर बाजार तीन दिन से जारी गिरावट थमी, बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 410 अंक चढ़ा

**मुंबई :** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 410 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 130 अंक के लाभ में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के बीच एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 410.19 अंक यानी 0.51 प्रतिशत चढ़कर 81,596.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 835.2 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,813.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, सन



फार्मा, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, नेस्ले, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड और आईटीसी शामिल हैं। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने बुधवार को बयान में कहा कि भारत, अमेरिकी शुल्क एवं वैश्विक व्यापार बाधाओं के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। इसका कारण घरेलू वृद्धि को गति देने वाले कारक और निर्यात पर कम निर्भरता है, जिससे अर्थव्यवस्था को समर्थन मिल रहा है। एजेंसी ने भारत पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि निजी खपत को बढ़ावा देने, विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने और बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने की सरकारी पहल से वैश्विक मांग के कमजोर होते परिदृश्य की भरपाई करने में मदद मिलेगी। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.90 प्रतिशत के लाभ में रहा, जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत चढ़ गया।

बीएसई में सूचीबद्ध 2,292 शेयर लाभ में रहे, जबकि 1,685 में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं 138 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार ने आज व्यापक रूप से सकारात्मक रुख दिखाया। हालांकि, कुल मिलाकर धारणा सीमित दायरे में रही। यह दर्शाता है कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच निकट भविष्य में बाजार में तेजी पर बेचने' की रणनीति का जोखिम बना हुआ है।'' एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.19 प्रतिशत बढ़कर 66.16 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# रियल एस्टेट बाजार में इस समय 'एकीकरण की तिकड़ी' सक्रिय: अभिषेक लोढ़ा

**नयी दिल्ली :** मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने कहा है कि भारतीय संपत्ति बाजार में 'एकीकरण की तिकड़ी' देखने को मिल रही है, जिसमें उपभोक्ता, ऋणदाता और भूस्वामी कुछ प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनियों के ही साथ काम करना पसंद कर रहे हैं। अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल मैक्रोटेक डेवलपर्स के शीर्ष अधिकारी का मानना है कि संपत्ति बाजार में यह एकीकरण लंबे समय तक जारी रहेगा। लोढ़ा ने मांग सुस्त पड़ने को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कहा, 'हमें लगता है कि इस समय एकीकरण की तिकड़ी काम कर रही है। यह उपभोक्ता, ऋणदाता और भूमि मालिक तीनों पक्षों पर होने वाला एकीकरण है। तीनों पक्ष केवल गिने-चुने डेवलपर के ही साथ काम करना चाहते हैं।' विश्लेषकों के साथ चर्चा में लोढ़ा ने कहा, 'यह बहुत स्पष्ट है कि इस एकीकरण को अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है, और यह लंबे समय तक चलता रहेगा। इस क्षेत्र में एकीकरण का दौर अभी खत्म नहीं होने वाला है।' संपत्ति सलाहकारों के मुताबिक, कोविड महामारी के बाद भारतीय रियल एस्टेट में उपभोक्ताओं को घर देने के बढ़िया रिकॉर्ड वाले प्रतिष्ठित बिल्डरों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है। मांग सुस्त पड़ने से जुड़ी चिंताओं पर लोढ़ा ने कहा, 'मुझे लगता है कि सुस्ती किसी एक खंड तक सीमित होगी और सभी खंड तक नहीं फैली है। मसलन, पिछले तीन वर्षों में मध्यम-आय खंड का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।' लोढ़ा ने कहा, 'सुस्ती के दौर में भी आप देखेंगे कि शीर्ष डेवलपर पर इसका असर कम होगा या एकदम नहीं होगा। इसकी वजह यह है कि सुस्ती अनिवार्य रूप से कमजोर लोगों को प्रभावित करती है।' पिछले वित्त वर्ष में मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 21 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 17,630 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 14,520 करोड़ रुपये थी। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 21,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचना है, जो सालाना 19 प्रतिशत अधिक है।

## भारत अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिका से 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी रियायत के पक्ष में

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका आठ जुलाई से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा कर सकते हैं, जिसमें भारत ने घरेलू उत्पादों पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत सीमा शुल्क से पूरी छूट की मांग रखी है। एक सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया था। हालांकि, कुछ दिन बाद ही इसे तीन माह के लिए यानी नौ जुलाई तक स्थगित कर दिया गया था। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का बुनियादी शुल्क लागू है। अधिकारी ने कहा कि अपने संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा के लिए भारत का प्रयास है कि अंतरिम व्यापार समझौते में कुछ कोटा या न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को शामिल किया जाए। ऐसे क्षेत्रों में कृषि उत्पाद और डेयरी शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार समझौते पर वार्ता को गति देने के लिए इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीर और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के साथ बैठकें कीं।

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोना 1,910 रुपये बढ़कर 98,450 रुपये पर, चांदी भी मजबूत

**नयी दिल्ली :** वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने से सुरक्षित निवेश के तौर पर खरीदारी का दौर शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,910 रुपये बढ़कर 98,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1,870 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया, जो पिछले दिन 96,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''कमजोर डॉलर ने सोने की कीमतों को सहारा दिया। मूडीज द्वारा राजकोषीय घाटे की चिंताओं के कारण अमेरिकी साख रेटिंग को नीचा किये जाने के बाद निवेशक सॉवरेन जोखिम का भी मूल्यांकन कर रहे हैं।''

## इंडिगो के पट्टे पर लिये गये तुर्किये के विमानों के नवीनीकरण पर सरकार निर्णय करेगी: सीईओ

**नयी दिल्ली :** इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने बुधवार को कहा कि कंपनी टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिये गये विमानों के साथ उड़ानों के संचालन के लिए सभी नियमों का पूरी तरह से



अनुपालन करती है और पट्टे के नवीनीकरण पर निर्णय लेना सरकार का काम है। यह टिप्पणी विमानन नियामक बीसीएएस द्वारा 15 मई को तुर्किये की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लि. के लिए 'राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में' सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के संदर्भ में भी आई है। तुर्किये का पाकिस्तान का समर्थन करने और पड़ोसी देश में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के हमलों की निंदा करने के बाद यह कदम उठाया गया। कुछ ऑनलाइन यात्रा पोर्टल और संगठनों ने भी लोगों को तुर्किये न जाने के लिए सलाह जारी की है। इंडिगो, टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिये गये दो बोइंग 777 विमानों के साथ इस्तांबुल के लिए सीधी उड़ानें संचालित कर रही है, जिनमें से प्रत्येक में 500 से अधिक सीटें हैं। दोनों विमानों के पट्टे के नवीनीकरण के संबंध में पूछे गए सवाल पर एल्बर्स ने कहा कि इस पर सरकार को निर्णय करना है। उन्होंने एयरलाइन की चौथी तिमाही और 2024-25 के पूरे वर्ष के वित्त के परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा, ''यह देखना महत्वपूर्ण है कि इस्तांबुल के लिए परिचालन भारत और तुर्किये के बीच हवाई सेवा समझौते (एएसए) के संदर्भ में हो रहा है। इंडिगो सभी विनियामक ढांचों और नियमों का पूरी तरह से अनुपालन करती है।'' टर्किश एयरलाइंस के दो विमानों के लिए मौजूदा पट्टे इस महीने समाप्त हो रहे हैं। पट्टे का नवीनीकरण न होने की संभावित स्थिति पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एक अच्छी एयरलाइन के रूप में, इंडिगो यह सुनिश्चित करेगी कि इससे निपटने की उसके पास ठोस योजना हो।

## सेबी ने निवेशकों को सोशल मीडिया मंचों से होने वाली धोखाधड़ी को लेकर आगाह किया

**नयी दिल्ली :** बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को निवेशकों को असत्यापित लोगों से आने वाले अनचाहे संदेशों के प्रति आगाह किया और उनसे ऐसे व्हाट्सएप 'ग्रुप' या 'कम्युनिटीज' का हिस्सा न बनने को कहा। सेबी की यह चेतावनी ऐसे मामलों में बढ़ोतरी के बीच आई है, जहां कुछ कंपनियां प्रतिभूति बाजार में भोले-भाले निवेशकों को लुभाने और धोखाधड़ी के लिए सोशल मीडिया मंच का उपयोग कर रही हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी जांच में पाया है कि ऐसी इकाइयां निवेशकों का भरोसा और विश्वास जीतने के लिए कई तरह की रणनीति अपनाती हैं। ये इकाइयां संभावित ग्राहकों को लक्षित करके व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल होने के लिए अक्सर 'वीआईपी ग्रुप' या 'फ्री ट्रेडिंग कोर्स' (शेयर बाजार कारोबार का नि:शुल्क पाठ्यक्रम) जैसे नामों से लिंक के रूप में अनचाहे निमंत्रण भेजती हैं। खुद को भरोसेमंद दिखाने के लिए ये इकाइयां अक्सर नकली प्रोफाइल बनाती हैं जो उन्हें प्रतिभूति बाज़ार के विशेषज्ञ के रूप में दर्शाती हैं।

## टीसीएस को बीएसएनएल से मिला 2,903.22 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अग्रिम खरीद ठेका

**नयी दिल्ली :** भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सरकारी दूरसंचार निगम बीएसएनएल से करीब 2,903 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अग्रिम खरीद ठेका (एपीओ) मिला है। टीसीएस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह एपीओ 18,685 साइट पर 4जी मोबाइल नेटवर्क की योजना, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, उसकी शुरुआत और वार्षिक रखरखाव से जुड़ा है। कंपनी ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा कंपनी को एपीओ में उल्लिखित कुछ शर्तें पूरी करने एवं दस्तावेज दाखिल करने के बाद विस्तृत खरीद आदेश जारी किए जाएंगे। तेजस नेटवर्क्स ने अलग से शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि बीएसएनएल 4जी परियोजना के लिए माल और/या सेवाओं की आपूर्ति के लिए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और तेजस नेटवर्क्स के बीच 'मास्टर कॉन्ट्रैक्ट' के अनुरूप, टीसीएस ने उसे 4जी मोबाइल नेटवर्क की आपूर्ति, तैनाती और रखरखाव के लिए बीएसएनएल से एक अतिरिक्त अग्रिम खरीद ठेका हासिल होने की सूचना दी है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4243 अंक 053, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in